तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025

13 500 करोड़ का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार 5 नए...

14 सात वर्षों में 638 वर्ग किलोमीटर वनक्षेत्र आग की चपेट में...


# दशगात्र की परंपरा पर तालाब की गंदगी भारी, पानी छिड़ककर लौट रहे या मंगा रहे टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तालाबों में फैली भारी गंदगी से अब तालाबों से पुरानी परंपरा टूटती जा रही है। प्राचीन परंपरा पर तालाब की गंदगी भारी पड़ रही है। लोग दशगात्र जैसे धार्मिक कार्यों के दौरान भी तालाब में नहाने और हाथ-पैर धोने के लिए टैंकर या नल और बोरिंग के पानी का सहारा ले रहे हैं। शहर के कुछ तालाब तो पूरी तरह से कचरे से भरे हुए हैं। उनमें नहाना तो दूर, हाथ भी नहीं डाल सकते। खासकर मृत्यु के दसवें दिन होने वाले अनुष्ठान की पूजा भी अब इन दूषित तालाबों के बजाय नल और बोरिंग के पानी से की जा रही है। कई लोग स्नान करने के बजाय शरीर पर पानी छिड़ककर लौट रहे हैं।

हरिभूमि ने शहर के विभिन्न तालाबों की पड़ताल की, जिसमें बड़ी संख्या में लोग दशगात्र पर नहाने के लिए पहुंचते हैं। इनमें से एक प्रमुख तालाब पुराना राजेंद्र नगर स्थित सतबहनिया मंदिर के पास है। यहां का तालाब अब कचरे से भर चुका है और जलकुंभी से भर गया है। पहले इस तालाब का उपयोग बड़ी संख्या ▶▶| शेष पेज 13 पर

अलग खबर

### टंकी और टैंकर के पानी से पूजा

टिकरापारा स्थित तालाब किनारे देवी माता और भोलेनाथ के छोटे-छोटे मंदिर स्थापित हैं। यहां पूजा करने के साथ दशगात्र में नहाने के लिए भी आते हैं, लेकिन तालाब का पानी अब बेहद गंदा हो चुका है। हालात इस कदर खराब हो गए हैं कि पूजा के लिए अब टंकी के पानी इस्तेमाल किया जाता है। पूजा के लिए अब टैंकर भी मंगवाए जा रहे हैं, ताकि दशगात्र में पहुंचे लोग ▶▶| शेष पेज 13 पर

### तालाब में धार्मिक अनुष्ठान के लिए अब टैंकर व बोरिंग के पानी का लिया जा रहा सहारा



### नल के पानी से निभा रहे धार्मिक परंपरा

सतबहनिया मंदिर स्थित तालाब के पास पूजा करने वाले लोग बताते हैं कि तालाब का पानी गंदा हो गया है, तो अब नल के पानी से ही पूजा करनी पड़ती है। दशगात्र के दिन इस तालाब में नहाना एक महत्वपूर्ण धार्मिक रिवाज था, लेकिन अब आसपास कोई अन्य साफ तालाब नहीं है, जिससे मजबूरी में नल के पानी से पूजा कर रहे हैं। तालाब के पानी का रंग भी पूरी तरह से बदल चुका है, जिससे उसकी उपयोगिता लगभग समाप्त हो चुकी है। तालाबों की हालत सुधारने की तत्काल आवश्यकता है ताकि धार्मिक अवसरों पर लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी सवार बदमाशों ने छीना दिनदहाड़े मोबाइल, हुए फरार

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में एक युवक से स्कूटी सवार तीन बदमाश दिनदहाड़े मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना 26 फरवरी के शाम करीब 6 बजे की है। दुर्गा चौक बड़ा अशोक नगर निवासी अमित दास मानिकपुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय वह संजय गांधी चौक अरिहंत कांप्लेक्स के सामने से पैदल मोबाइल पर बातचीत करते हुए जा रहा था। इसी दौरान एक्टिवा सवार तीन बदमाश वहां से गुजरते हुए उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मोबाइल की कीमत सात हजार रुपए है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से महिला घायल, आठ माह बाद रिपोर्ट

**रायपुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से पैदल जा रही एक महिला घायल हो गई। घटना 8 माह पूर्व की है। प्रार्थिया मंजू लहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 जून 2024 को वह उरला स्थित देशी शराब दुकान के पास पैदल गुजर रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने गाड़ी को लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे उसे चोट आई है।

पर्यवेक्षक धरमलाल कौशिक ने महापौर, राजधानी के विधायकों, पार्षदों की जानी मंशा

# राठौर का चमक सकता है सूर्य, सभापति के लिए पैनल में तीन नाम, पहले नंबर पर सूर्यकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के नगर निगम में 15 साल बाद भाजपा की महापौर मीनल चौबे बनी हैं। अब सभापति भी भाजपा का बनना तय है। सभापति के लिए वरिष्ठ पार्षद और पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर का नाम पहले नंबर पर है। सभापति के लिए नामों का पैनल शनिवार को बन गया है। इसमें तीन नाम शामिल हैं। प्रदेश संगठन तय करेगा कि किनको सभापति का चुनाव लड़ाना है।

रायपुर के पर्यवेक्षक बनाए गए विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने एकात्म परिसर में महापौर सहित राजधानी के सभी विधायकों, शहर जिला अध्यक्ष और सभी पार्षदों की मंशा जानने के बाद पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को भेज दिया है। एकात्म परिसर में पर्यवेक्षक धरमलाल कौशिक ने शनिवार को सभी पार्षदों के साथ बैठक ▶▶| शेष पेज 13 पर



### पैनल में तीन नाम

रायपुर में भाजपा की महापौर बनने के साथ ही पहली बार 60 पार्षद जीतकर आए हैं। ऐसे में सभापति भी भाजपा का बनना तय है। शनिवार को सबसे रायशुमारी के बाद जो तीन नामों का पैनल बना है, उसमें सभापति के रूप में पहला नाम सूर्यकांत राठौर का है। श्री राठौर पूर्व नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। इसी के साथ मनोज वर्मा का नाम है। वे उप नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। तीसरा नाम सरिता दुबे का है। उनका नाम महापौर के दावेदारों में


था। अब उनका नाम सभापति के दावेदारों में भी शामिल है। इन नामों के पैनल से प्रदेश संगठन तय करेगा कि कौन सभापति बनेगा।

### सभी से वन टू वन चर्चा

पर्यवेक्षक धरमलाल कौशिक ने अलग कमरे में सबसे पहले महापौर मीनल चौबे से सभापति को लेकर वन टू वन चर्चा करके उनकी मंशा जानी। इसके बाद शहर के विधायकों राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, नगर निगम के प्रभारी संदीप शर्मा और प्रफुल्ल विश्वकर्मा के साथ अन्य वरिष्ठ नेताओं से वन टू वन चर्चा करके यह जानने का प्रयास किया कि ये नेता किनको सभापति के रूप में देखना चाहते हैं।

# लगी महापौर की नाम पट्टिका, कल गंगाजल छिड़ककर कक्ष में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे सोमवार को शहरी सरकार की कमान संभालेंगी। प्रयागराज से लाया गंगाजल छिड़क कर पहले कक्ष का शुद्धिकरण होगा, फिर आधा दर्जन पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना की जायेगी। इसके बाद ही वे अपने नए कामकाज की शुरुआत करेंगी। वहीं महापौर कक्ष में रंगरोगन कर सफेदी कराने का काम पूरा हो गया है। नई साज-सज्जा को अंतिम रूप देने शनिवार को अवकाश के दिन भी सफाई मजदूर डटे रहे।

■ महापौर मीनल चौबे करेंगी नए कामकाज की शुरुआत

नवनिर्वाचित महापौर मीनल छगन चौबे की नाम पट्टिका महापौर कक्ष के सामने लगाई गई है। महीनेभर पहले मुख्य द्वार पर निगम प्रशासक व जिला कलेक्टर के नाम अंकित पट्टिका लगी थी। डेढ़ दशक बाद गांधी सदन में भाजपा से मीनल चौबे प्रदेश की दूसरी महिला महापौर के रूप में ▶▶| शेष पेज 13 पर

### विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ 6 पंडित कराएंगे पूजा-अर्चना




### नेता प्रतिपक्ष के लिए संदीप साहू के नाम की चर्चा

नगर निगम में इस बार भाजपा से जहां 60 निर्वाचित पार्षद सदन में बहुमत के साथ नजर आयेंगे, वहीं विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस के 7 पार्षद, निर्दलीय 3 सदन का हिस्सा बनेंगे। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रतिभा चंद्राकर को पर्यवेक्षक बनाया है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस पार्टी में संदीप साहू ही एकमात्र ऐसे पार्षद हैं, जो दूसरी बार पार्षद का चुनाव जीतकर सदन में पहुंचे हैं। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष के रूप में संदीप साहू का नाम उभरकर सामने आया है। श्री साहू पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की परिषद में अपीलीय समिति के सदस्य रह चुके हैं।



### संदिग्ध मौत, फोन बजता रहा, एक लड़के की तलाश

### इतने बजे कूदने की पुष्टि

घटनास्थल पर जो सीसीटीवी फूटेज मिला है। उसके मुताबिक आहना 11वें माले तक सीढ़ी चढ़कर पहुंची। छत पर पहुंचने के बाद वह मोबाइल पर किसी से बात करते दिखी। इसके बाद आहना का शाम 7.47 बजे छत से कूदने का फूटेज सामने आया है। एक लड़के की तलाश जारी है।

# ऐश्वर्या एम्पायर की 11वीं मंजिल से कूदकर किशोरी ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र स्थित ऐश्वर्या एम्पायर के 11वें माले से कूदकर एक किशोरी ने खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना क्षेत्र क्लीयर नहीं होने की वजह से घटना की जांच करने मौके पर तेलीबांधा पुलिस पहुंची। मृतका डीडीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसके परिजनों को घटना की जानकारी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के दौरान मिली। इसके बाद मृतका के परिजन आनन-फानन में घटनास्थल पहुंचे और फोटो देखकर मृतका की पहचान की।

किशोरी आहना जैन अपने परिजनों को दोपहर 2.30 से 3 बजे के बीच अपने किसी दोस्त के बर्थडे में जाने की बात ▶▶| शेष पेज 13 पर

### किशोरी का पर्स, मोबाइल, चप्पल छत पर मिले



### आधे घंटे तक घूमती रही आसपास

ऐश्वर्या एम्पायर के रहवासियों के मुताबिक, आहना तीन से साढ़े तीन बजे के करीब उनकी कॉलोनी पहुंची थी। जहां पहुंचने के आधे घंटे से ज्यादा समय तक आहना कॉलोनी के अंदर अपनी एक्टिवा खड़ी कर कॉलोनी के एक कोने से दूसरे कोने तक घूमती दिखी। इस दौरान कॉलोनी में किसी ने आहना से वहां आने का कारण नहीं पूछा।

### विवाद की वजह से की खुदकुशी?

आहना के पिता मनोज के अनुसार, उसकी बेटी अर्णव जैन नामक एक परिचित लड़के से मिलने के लिए ऐश्वर्या एम्पायर पहुंची थी। घटना के बाद पुलिस अर्णव के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। कॉलोनी के रहवासियों ने किसी अर्णव जैन के बारे में जानकारी होने की बात से इंकार किया है। मृतका के पिता को भी अर्णव के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

2397 केंद्रों में हो रही सीजी बोर्ड की परीक्षाएं

# बारहवीं के हिंदी के पेपर में दो हजार अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शनिवार को हिंदी के पेपर के साथ राज्य में सीजी बोर्ड की कक्षा बारहवीं की परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा के पहले दिन नकल का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया, मगर करीब दो हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड एग्जाम के लिए 2397 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ▶▶| शेष पेज 13 पर

### नकल का प्रकरण एक भी नहीं



### थाने से सुरक्षा में आया प्रश्नपत्र

परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने सहित अन्य तरह की शिकायत को रोकने के लिए बेहद सख्ती बरती जा रही है। परीक्षा केंद्रों के नजदीकी पुलिस थाने से प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने के कुछ देर पहले ही केंद्रों तक पहुंचे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों में सामने आने वाले नकल के प्रकरण में उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल अलग बनाए जाने की हिदायत है। इन पैकेट को जिले से संबंधित संभागीय कार्यालयों के बाद मंडल मुख्यालय में जमा कराया जाए। नकल के मामले में पकड़े गए लोगों की उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए नहीं भेजी जाएंगी।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

### हवलदार के खिलाफ लोग पहुंचे शिकायत दर्ज कराने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने वर्ष 2019 में पुलिसकर्मियों को जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने के आरोप में हवलदार जयदेव वर्मा को गिरफ्तार किया है। उसके तथा एक अन्य के खिलाफ शनिवार को आधा दर्जन से ज्यादा लोग जमीन बेचने के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचे। जिन लोगों ने हवलदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, हवलदार ने अपने साथी राज कश्यप के साथ मिलकर उन लोगों से 30 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ शिकायत दर्ज कराने वालों में पुलिसकर्मी के अलावा कोर्ट कर्मचारी शामिल



## खबर संक्षेप



### फुलेरा दूज पर दुग्धाभिषेक कर राधा-कृष्ण का विवाहोत्सव मनाया

**आरंग।** शनिवार को फुलेरा दूज के पावन पर्व पर राधाकृष्ण मंदिर आरंग मे शाम 05 बजे श्री विग्रह का दुग्धाभिषेक और भगवान राधा—कृष्ण का विवाहोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस उत्सव में श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य फल प्राप्त किये।

### बीईओ उड़न दस्ते ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**आरंग।** शनिवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी 12वीं की परीक्षा का प्रथम पेपर हिंदी था, सभी परीक्षा केन्द्रो में परीक्षा निर्धारित समय प्रातः 09 बजे से प्रारंभ हुई। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के नेतृत्व में गठित उड़न दस्ता की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया (नरदहा), गेंदराम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरदहा, स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी चंदखुरी विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में बैठक व्यवस्था, पर्यवेक्षक उपस्थिति एवं सुविधाओं निरीक्षण किया तथा बीईओ शर्मा संतुष्ट दिखाई दिए। उनके द्वारा कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दी गई। इस अवसर पर उनके साथ सीएसी प्रहलाद शर्मा, प्रधान पाठक मनोज मुछावर, व्यायाम शिक्षक त्रिवेणी बागरिया, ऋतंभरा चंद्राकर आदि की भी उपस्थित रही।

### जरौदा में आज से श्रीमद् भागवत की कथा

**आरंग।** ग्राम जरौदा (सारागांव) में 02 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। 2 मार्च को कलश यात्र पश्चात गौकर्ण कथा से प्रारंभ होकर आगामी 11 मार्च को पूर्णाहुति के साथ इसका समापन होगा। कथावाचक टेकारी (कुंडा) निवासी पं. संतोष तिवारी व परायणकर्ता कमल तिवारी होंगे। भागवत कथा का समय प्रतिदिन अपराह 01 बजे से 05 बजे निर्धारित है।

### निकाय व पंचायत चुनाव के मानदेय का भुगतान शीघ्र करें

**आरंग।** नगरीय निकाय के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी प्रदेश के अधिकारी—कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका व दायित्व का निर्वहन किया। चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी व्यवस्था के तहत प्रदेश में मतदान महाकुंभ संपन्न कराने में इन मतदान अधिकारियों का योगदान सराहनीय रहा। शिक्षक संघ आरंग के प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, हेमंत चंद्राकर, जगजीवन जांगड़े, डी.पी. बघेल, रोमेश चंद्राकर, तुमेंद्र कोटरे, धमेंद्र चंद्राकर आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पंचायत चुनाव संपन्न होने के सप्ताह भर बाद भी अभी तक मतदान कर्मियों को नगरीय निकाय चुनाव का मानदेय अप्राप्त है। उन्होने शासन से कर्मचारियों को नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मानदेय एक साथ भुगतान करने का आग्रह किया।

## निधन

### मदनलाल वर्मा

**आरंग।** निकटस्थ ग्राम सकरी (टेकारी) निवासी पूर्व उपसरपंच



मदनलाल वर्मा (79) का शनिवार को अपरान्ह निधन हो गया। वे मिथिलेश, देवानंद व सुरेन्द्र के पिता, लीना विक्की वर्मा के ससुर और निखिल व विक्की के दादा थे। वे उनका अंतिम संस्कार सकरी में अपराह बाद संपन्न हुआ।

# बारहवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, हिंदी का प्रथम पेपर देकर छात्र-छात्राएं हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा का पहला पेपर हिंदी का था, जिसे परीक्षार्थियों ने सरल बताया है। छात्रें ने कहा है कि प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्न उनकी उम्मीदों के अनुसार थे और उन्हें उत्तर देने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

परीक्षार्थियों की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि उन्हें परीक्षा के पैटर्न और प्रश्नों के स्तर से संतुष्ट हैं, यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में मदद करेगा और उन्हें आगे की परीक्षाओं के लिए तैयार करने में सहायक होगा। आरंग ब्लाक के अधीन शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी में 12वी के 129 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। शाला प्रांगण में परीक्षा के पूर्व बच्चों को एकत्रित कर पेपर के तनाव से मुक्त रहने व पेपर अच्छा कैसे बने की नसीहत देते हुए अच्छा पेपर बनाने के लिए शुभकामनाएं दी गई। परीक्षा समाप्ति के बाद बाहर निकले छात्रें ने बताया कि हिंदी पेपर में पूछे गए प्रश्न ज्यादातर पाठ्यक्रम से संबंधित थे और उन्हें पहले से तैयारी करने में मदद मिली।

उन्होंने कहा कि पेपर का समय भी पर्याप्त था और उन्हें सभी प्रश्नों का उत्तर देने में कोई दिक्कत नहीं हुई। इस बीच, परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और परीक्षार्थियों की जांच की गई। परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की अनियमितता की शिकायत नहीं मिली है।

**गोढ़ी विद्यालय में 129 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी**



### कलेक्टर गाइड लाइन में वर्ष 2016 के बाद बढ़ा नहीं जमीन का बाजार भाव

# 8 साल से बढ़ी नहीं जमीन की कीमत, अप्रैल से नई दर होगी तय, अब तक सर्वे भी शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में पिछले 8 साल से सरकारी बाजार भाव में जमीन की कीमत बढ़ी नहीं है और न ही इन वर्षों में जमीन की कीमत को लेकर कोई सर्वे किया गया है। इस बार भी सर्वे को लेकर अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, जबकि सर्वे के लिए अब मात्र मार्च का समय ही बचा है, क्योंकि जो भी नई दर लागू होगी वह एक अप्रैल से होगी। इधर सर्वे को लेकर एसडीएम नंदकुमार चौबे ने कहा कि यह रूटीन प्रक्रिया है। हर साल जमीन का सर्वे किया जाता है और इस बार भी किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर तहसीलदार एवं पटवारियों ने बताया कि सर्वे को लेकर अब तक कोई आदेश न जारी हुआ है और न ही उन्हें मिला है। आदेश जारी होने के बाद ही सर्वे का काम शुरू होगा। रायपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 8 वर्षों में कौन-कौन से इलाके में कितना डेवलपमेंट हुआ है और उन इलाकों में जमीन की कीमत कितनी बढ़ी है, इसका मूल्यांकन सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही तय होना है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में सर्वे का काम सभी तहसील कार्यालयों के एसडीएम द्वारा कराया जाता है।



**इस तरह बढ़ी कीमत**

राजधानी रायपुर की बात करें तो जिन इलाकों में 8 वर्ष पहले जमीन की कीमत 1000 से 1200 सौ रुपए फीट थी। उसी क्षेत्र में अब उसकी कीमत बढ़कर 2500 से लेकर 4000 रुपए फीट तक हो गई है। अमलीडीह, चंगोराभाठा, संतोषीनगर, भाठागांव, रायपुरा, कबीरनगर, कोटा, मोवा, गुढ़ियारी सहित ऐसे कई इलाके हैं, जहां की जमीन की कीमत कई गुना बढ़ चुकी है।

#### भूमाफिया-कारोबारी उठा रहे मुनाफा

जमीन की कीमत नहीं बढ़ने का सबसे ज्यादा फायदा भू-माफिया एवं कारोबारी उठा रहे हैं। वे दोनों मनमानी कीमत पर जमीन की खरीदी और बिक्री कर मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं सरकारी बाजार भाव में जमीन की कीमत नहीं बढ़ने से रजिस्ट्री में भी उन्हें ज्यादा स्टांप शुल्क देना नहीं पड़ रहा है। इससे सरकार को हर महीने करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति भी हो रही है। कलेक्टर गाइड लाइन में जमीन का बाजार भाव इससे पहले वर्ष 2016 में बढ़ाया गया था।

#### *जिला समिति में लेंगे निर्णय*

*जिले में वैसे तो अभी जमीन की कीमत को लेकर सर्वे शुरू नहीं हो पाया है। इस बीच अगर आदेश जारी होता है तो मार्च महीना खत्म होने से पूर्व इसका सर्वे करना होगा। सर्वे के बाद इसकी रिपोर्ट जिला समिति की बैठक में रखी जाएगी। इस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। इसके अलावा पंजीयन विभाग , नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। इस बैठक में रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।*

#### *रूटीन प्रक्रिया है, जारी है सर्वे*

*हर साल जमीन का सर्वे किया जाता है। इस बार भी किया जा रहा है। यह रूटीन प्रक्रिया है।*

*- नंदकुमार चौबे, एसडीएम रायपुर*

#### *मेरे तक आदेश नहीं आया है*

*सर्वे का आदेश अभी मिला नहीं है। मार्च का महीना बचा है। आदेश मिलने पर सर्वे किया जाएगा।*

*- पवन कोसमा, तहसीलदार रायपुर*

#### 8 साल से सर्वे नहीं, इसलिए जमीन का मूल्यांकन भी नहीं

सूत्रों के अनुसार जिले में पिछले 8 साल से जमीन की कीमत को लेकर कोई सर्वे ही नहीं किया गया है। इसके कारण रायपुर, धरसींवा, अभनपुर, आरंग व तिल्दा क्षेत्र में किस इलाके में जमीन का कितनी कीमत चल रही है, इसका अब तक मूल्यांकन ही नहीं हो पाया है। हालांकि तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल में जमीन की कीमत में बढ़ोतरी की जगह 30 प्रतिशत की छूट दी गई थी।

## तामासिवनी महाविद्यालय में विज्ञान दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नवीन शासकीय महाविद्यालय तामसिवनी में विज्ञान दिवस 2025 का आयोजन किया गया। जिसका विशय "विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना" थो। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अंजली अवधीया प्रोफेसर एंड जूनियर डायरेक्टर रूसा संचनालय रायपुर ने विकसित भारत के लिए नवाचार विषय पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों के साथ विज्ञान व नवाचार पर संवाद बहुत सरल उदाहरण के साथ किया। मुख्य अतिथि डॉ. अभया जोगलेकर प्राचार्य बद्री प्रसाद लोधी महाविद्यालय आरंग ने अपने व्याख्यान मे कहा कि वैज्ञानिक – ष्टिकोण से अच्छी नींद व अच्छा भोजन अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है, अतः भारतीय युवा को सशक्त वैश्विक नेतृत्व हेतु अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या पर भी विशेष ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु माहेश्वरी ने अपने वक्तव्य मे कहा कि आप सभी ग्रामीण क्षेत्र से हैं लेकिन हमे एआई जैसी तकनीक को भी समझना होगा, अपने आप को विकसित करना होगा, जिससे हम अपने देश को विकसित कर पाएंगे। डॉ. आनंद शंकर बहादुर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए। डॉ. सी.वी. रमन को याद करते हुए आज की दिन के महत्व को बतलाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव नाग द्वारा ने किया।

## मंदिर के विलोपित खसरों को आनलाइन करने में कोताही



**आरंग।** श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर नवागांव के नाम पर ग्राम आरंग में खसरा नंबर 2433, 2434, 2550, 2552 दर्ज है। उपरोक्त भूमि मंदिर के नाम पर 1980 से दर्ज है। जुलाई—अगस्त में बी—1 खसरा पांचसाला निकालने हेतु ऑनलाइन आवेदन देने पर ज्ञात हुआ कि खसरा नंबर 2552 ऑनलाइन रिकॉर्ड में विलोपित हो गया है। आनलाईन रिकार्ड में खसरा नंबर 2552 को पुनः दर्ज किए जाने हेतु अधिवक्ता घनश्याम मिश्रा के द्वारा तहसील ऑफिस में 16.10.2024 को आवेदन आवेदित की गई, इस संबंध में पटवारी ने अपना प्रतिवेदन तहसील कार्यालय में जमा कर दिया है। लेकिन राजस्व विभाग के मनमानी के कारण 04 माह बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक खसरा नंबर 2552 ऑनलाइन रिकॉर्ड में विश्वनाथ मंदिर नवागांव के नाम पर दर्ज नहीं हो पाया है। विधानसभा प्रश्नकाल में राजस्व मंत्री द्वारा विधानसभा में जवाब दिया गया कि राजस्व विभाग में रिकार्ड दुरुस्त करने का दायित्व तहसीलदार व पटवारी का है। आरंग तहसील का यही हाल है, यहां छोटी—छोटी समस्याओं का समाधान सालों नहीं होता और आवेदक यहां केवल चक्कर काटते रह जाते है।



## समय पर वेतन आने पर कर्मचारियों में छायी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं स्टाफ के सहयोग से समय पर रात 28 फरवरी को ही सभी कर्मचारियों के खातों में वेतन जमा हो चुका है। आमतौर पर मार्च के वित्तीय माह होने एवं इसी महीने आयकर कटौती के कारण वेतन जमा होने में 8—10 दिन लग जाते हैं, किंतु मार्च के प्रारंभ होने से पहले कर्मचारियों के खाते में वेतन जमा हो चुका है। बीईओ शर्मा ने कहा कि कर्मचारी वैतनिक होता है और यह उनकी प्राथमिकता में है, वही कर्मचारियों की माने तो वेतन का इंतजार महीने खत्म होने से पहले ही होने लगता है।

कर्मचारी संघों से माणिक लाल मिश्रा, ओंकार वर्मा, हरीश दीवान, रामकुमार सिन्हा, अरविंद वैष्णव, छोटूराम साहू, प्रहलाद शर्मा, मनोज मुछावर, जितेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र चंद्र सेन, प्रफुल्ल मांझी, भास्कर यादव, अभिषेक तिवारी, सुनील पटेल, धनंजय साहू, विजय देवांगन, आशीष बघेल, गिरधर ढीढी, पी.डी. मानिकपुरी आदि ने इसे विकासखंड शिक्षा अधिकारी की जागरूकता भरी पहल बताया है।

## प्राचार्य व शिक्षिका के रिटायरमेंट पर किया सम्मान, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामलाल चंद्राकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत व्याख्याता डा. देवलाल साहू एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खौली में वरिष्ठ शिक्षक के पद पर कार्यरत अनिता कड़वे ने अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने के पश्चात उनके सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त प्राचार्य डा. देवलाल साहू को विकासखंड के प्राचार्यों में एक नवरत्न के रुप में कार्य करने वाले कर्मठ अग्रणी और समर्पित बताया। उनके सम्मान में सभी जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षक—शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त होने बाले व्याख्याता डा. देवलाल साहू एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खौली में वरिष्ठ शिक्षिका अनिता कड़वे को दीर्घायु होने की कामना की एवं अपने अनुभव का लाभ सभी कर्मचारियों को देने हेतु निवेदन किया। डा. देवलाल साहू ने सभी की स्नेह एवं आशीर्वाद के लिए धन्यवाद देते हुए अनुभव का लाभ देने का वादा किया।

उपरोक्त विदाई सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच राजेश टंडन के प्रतिनिधि यशवंत साहू, पंच भावसिंह वर्मा, मुकेश चंद्राकर, भूतपूर्व सरपंच चमेली चंद्राकर के प्रतिनिधि धनाजिक चंद्राकर, शाला प्रबंधक विकास समीति के अध्यक्ष शिवकुमार चंद्राकर, सदस्य होरीलाल चंद्राकर, रामानुज चंद्राकर, समारु राम साहू, जगमोहन चंद्राकर, शाला प्रबंधक विकास समिति पूर्व मा.शा. गोपाल प्रसाद कोसले, अनिता कोसले, प्रधानपाठक मालीडीह शेषनारायण लोधी, अनिल कुमार वर्मा प्रधान पाठक कठिया, ज्योति चंद्राकर, देवकुमार साहू, तुलसी, प्रधान पाठक प्रा.शा. खौली विजय चंद्राकर, अल्का वर्मा, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पंचराम साहू एवं गीतांजलि अवस्थी ने किया। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य सुनीता वर्मा के द्वारा किया गया।

# अप्रैल-मई की गर्मी में 4 सौ कूलर देंगे मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल-मई में पड़ने वाली भारी गर्मी में आंबेडकर अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को 400 कूलर राहत देंगे। गर्मी की शुरुआत के पहले तीन मंजिला भवन के विभिन्न वार्डों में लगाए गए कूलरों के मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय की जा रही है। इन कूलरों के साथ आईसीयू, इमरजेंसी यूनिट तथा प्रशासनिक खंड में लगाए गए करीब ढाई सौ एसी लोगों को राहत का प्रयास पहुंचाने का प्रयास करते हैं। मार्च की शुरुआत में ही गर्मी शहर में अपना असर दिखाना शुरू कर चुकी है। दूसरे पखवाड़े के बाद इसके तेवर और कड़े हो जाएंगे।

गर्मी अप्रैल-मई में तो पीक पर होने की वजह से हालत खराब कर देती है। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय डा. बीआर आंबेडकर अस्पताल की ऊपरी मंजिलों में स्थित वार्डों में भर्ती रहने वाले मरीजों की स्थिति ज्यादा दिक्कतों भरी होती है। अस्पताल का भवन काफी पुराना होने की वजह से यहां सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम नहीं है, इसलिए मरीजों को राहत देने के लिए कूलर और एसी का सहारा लिया जाता है। अस्पताल में मरीजों, डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को राहत देने के लिए चार सौ से अधिक कूलर और करीब ढाई सौ एसी मौजूद हैं। हर साल गर्मी के पहले इनके रखरखाव की आवश्यकता पड़ती है। गर्मी की शुरुआत के पहले ही आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा बिगड़े कूलरों को सुधारने तथा पूरी गर्मी उसका रखरखाव करने मानव संसाधन जुटाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एजेंसी तय करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। मार्च के अंतिम दिनों तक यह प्रक्रिया पूरी करने के बाद संभवतया गर्मी की शुरुआत के साथ कूलर का उपयोग शुरू कर दिया जाएगा।




## शर्मा बने आम आदमी पार्टी ट्रांसपोर्ट विंग के प्रदेश सचिव

**आरंग।** आम आदमी पार्टी प्रदेश में संगठन विस्तार में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी प्रदेश में परिवहन ट्रांसपोर्ट



व्यवसाय से जुड़े लोगों के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार, शोषण पर अंकुश लगाने उक्त व्यवसाय से जुड़े लोगों के हक व अधिकार की रक्षा के लिए ट्रांसपोर्ट विंग की स्थापना किया है। जिसके प्रदेश अध्यक्ष पलविंदर सिंह पन्नू को इसकी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही ट्रांसपोर्ट विंग के संगठन विस्तार करते हुए पार्टी ने प्रदेश सचिव ट्रांसपोर्ट विंग की अहम जिम्मेदारी राजकुमार शर्मा को प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण अहम जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही सतनाम सिंह चीमा को जिला अध्यक्ष रायपुर श्रीकांत मिश्रा को जिला सचिव रायपुर सुखराम सिंह को जिला उपाध्यक्ष रायपुर बुधर प्रसाद गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष रायपुर ट्रांर्सपोर्ट विंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त नियुक्ति राष्ट्रीय संयोजक आम आदमी पार्टी नई दिल्ली अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक, प्रदेश प्रभारी एवं विधायक बुराड़ी विधानसभा दिल्ली संजीव झा, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश अध्यक्ष पलविंदर सिंह पन्नू के अनुशंसा पर यह नियुक्ति प्रदान किया गया है। जिस पर आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के नेता विजय झा एवं परमानंद जांगड़े ने नवनियुक्त पदाधिकारीयो को बधाई प्रेषित किया।

## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के 11वें स्थापना दिवस को प्रदेश के 33 जिलों में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के 18000 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको ने वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती मरीजों को फल वितरण तो कही अन्न एवं कपड़े वितरण किया गया। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है। प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहती है और स्थापना दिवस को स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको ने मानव सेवा कर खास बनाया है। उक्त जानकारी संघ के आईटी सेल प्रभारी संतलाल साहू ने दी।

# निगम सभापति, पालिका उपाध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष के दावेदारों का पैनल बनाने में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद अब भाजपा का प्रदेश संगठन नगर निगम के सभापति, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के उपाध्यक्षों के साथ ही अब जिला पंचायतों के अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी तय करने की कवायद में जुट गया है। सभी के लिए पर्यवेक्षक भी तय हो गए हैं। सभी पर्यवेक्षक अपनी-अपनी जिम्मेदारी वाले निकायों में जाकर रायुशमारी करने के बाद तीन मार्च तक प्रदेश संगठन को दावेदारों का पैनल सौंप देंगे। इसके बाद जिस दिन जिस निकाय या फिर जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होगा, उस दिन वहां का प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा।

नगरीय निकाय चुनाव में प्रदेश के सभी निगमों में भाजपा के महापौर बने हैं। इसी के साथ 49 नगर पालिकाओं में से 35 में भाजपा के अध्यक्ष बने हैं। नगर पंचायतों में भाजपा के 81 स्थानों पर अध्यक्ष बने हैं। अब भाजपा ने सभी स्थानों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करके उनको सभापति, उपाध्यक्षों के दावेदारों का पैनल बनाने का काम सौंपा है।

## जिस दिन जहां का चुनाव, उसी दिन घोषित किए जाएंगे प्रत्याशी



### जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव 4 से 12 तक

पहले जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव एक ही दिन पांच मार्च को होने थे, पर इसको बदलकर 4 से 12 मार्च तक का समय तय किया गया है। भाजपा ने 33 जिलों के लिए पर्यवेक्षक तय कर दिए हैं। रायपुर का शिवरतन शर्मा, बलौदाबाजार का रूपकुमारी चौधरी, गरियाबंद का सुरेंद्र पाटनी, महासमुंद का जगन्नाथ पाणिग्रही, धमतरी का मोतीलाल साहू, दुर्ग का गौरीशंकर अग्रवाल, बेमेतरा, भरत लाल वर्मा, बालोद अजय चंद्राकर, राजनांदगांव का भूपेंद्र सवन्नी, मोहला मानपुर का नीलू शर्मा, खैरागढ़ का रमेश पटेल, कवर्धा का नारायण सिंह चंदेल, कांकेर का यशवंत जैन, कोंडागांव का सतीश लाटिया, नारायणपुर का भरत मटियारा, बस्तर का रजनीश सिंह, दंतेवाड़ा का श्रीनिवास राव मद्दी, सुकमा का दिनेश कश्यप, बीजापुर का गौतम गोलछा, बिलासपुर का राजीव अग्रवाल, मरवाही का एसडी बड़गैया, मुंगेली का प्रहलाद रजक, सक्ती का राजा पांडेय, जांजगीर-चांपा का छगन मुदड़ा, कोरबा का धरमलाल कौशिक, बिलाईगढ़ उमेश अग्रवाल, रायगढ़ का सियाराम साहू, जशपुर का अनिल सिंह, सरगुजा का कृष्णा राय, सूरजपुर का अनुराग सिंहदेव, बलरामपुर का अखिलेश सोनी, मनेंद्रगढ़ का भीमसेन अग्रवाल और कोरिया का संजय श्रीवास्तव को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### बैज ने रेकी मामले में मुख्यमंत्री और डीजीपी को लिखा पत्र, कार्रवाई की मांग



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 26 से 27 फरवरी की दरमियानी रात तक उनके घर के सामने दंतेवाड़ा पुलिस के तीन कर्मियों द्वारा सादे वेश में जासूसी किए जाने की घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र लिखा है कि पूछताछ पर उन कर्मियों ने एएसपी आरके बर्मन के निर्देश पर रायपुर स्थित देवेंद्र नगर ऑफिसर कालोनी में उनके सरकारी बंगले के सामने 24 घंटे तक रेकी की। दंतेवाड़ा की नंबर प्लेट वाली गाड़ी से आए थे। इस घटना की लिखित शिकायत गंज थाने में 28 फरवरी को की गई। मामले में उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि घटना के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय मीडिया के लोगों के पूछताछ करने के बाद इसका पता चला तब मामले में तीनों पुलिस कर्मियों से यहां आने का कारण पूछे जाने पर यह खुलासा हुआ है।

### ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी का कार्यकाल बढ़ा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला का राज्य शासन ने एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ा दिया है। श्री शुक्ला 28 फरवरी 2024 से ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। श्री शुक्ला ट्रांसमिशन कंपनी में अपने मूल पद कार्यपालक निदेशक से इस वर्ष 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते, लेकिन अब नए आदेश से उन्हें फरवरी 2026 तक काम करने का मौका मिल गया है।

### भारतीय जनऔषधि सप्ताह की शुरुआत, निकाली रैली

**रायपुर।** टिकरापारा क्षेत्र में जागरूकता रैली के साथ भारतीय जनऔषधि सप्ताह का शुभारंभ किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को जनऔषधि केंद्रों में उपलब्ध सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं के बारे में जागरूक करना था। योजना के छत्तीसगढ़ के प्रबंधक अनीश वोडितेलवार ने बताया कि रैली में लोग बैनर-पोस्टर के माध्यम से लोगों को इस सस्ती दवाओं के बारे में जानकारी दे रहे थे। जनऔषधि दिवस का आयोजन 1 से 7 मार्च तक किया जा रहा है। वर्तमान में रायपुर में जनऔषधि के 20 केंद्र संचालित हैं।

### शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सिख मिशन का बड़ा योगदान



**रायपुर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश में भिन्न-भिन्न स्कूल, कॉलेजों में पढ़ रहे 105 सिकलीगर और वंजारे सिख बच्चों की वर्ष 2023-24 की 16 लाख 70 हजार रुपए की फीस की राशि संबंधित स्कूल, कॉलेजों के प्रबंधकों को सौंपी गई। इसे कुछ दिन पहले धर्म प्रचार कमेटी द्वारा रायपुर में भी छत्तीसगढ़ के भिन्न-भिन्न शहरों के स्कूल-कॉलेजों में पढ़ रहे 111 सिख सिकलीगर और वंजारे सिक्खों के बच्चों की 13 लाख 44 हजार रुपए की फीस राशि दी गई। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा वर्ष 2010 से लगातार हर वर्ष स्कूल-कॉलेजों की फीस का भुगतान किया जा रहा है।

## कलेक्टर गाइडलाइन में वर्ष 2016 के बाद बढ़ा नहीं जमीन का बाजार भाव

# 8 साल से बढ़ी नहीं जमीन की कीमत, अप्रैल से नई दर होगी तय, अब तक सर्वे भी शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में पिछले 8 साल से सरकारी बाजार भाव में जमीन की कीमत बढ़ी नहीं है और न ही इन वर्षों में जमीन की कीमत को लेकर कोई सर्वे किया गया है। इस बार भी सर्वे को लेकर अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, जबकि सर्वे के लिए अब मात्र मार्च का समय ही बचा है, क्योंकि जो भी नई दर लागू होगी वह एक अप्रैल से होगी। इधर सर्वे को लेकर एसडीएम नंदकुमार चौबे ने कहा कि यह रूटीन प्रक्रिया है। हर साल जमीन का सर्वे किया जाता है और इस बार भी किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर तहसीलदार एवं पटवारियों ने बताया कि सर्वे को लेकर अब तक कोई आदेश न जारी हुआ है और न ही उन्हें मिला है। आदेश जारी होने के बाद ही सर्वे का काम शुरू होगा। रायपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 8 वर्षों में कौन-कौन से इलाके में कितना डेवलपमेंट हुआ है और उन इलाकों में जमीन की कीमत कितनी बढ़ी है, इसका मूल्यांकन सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही तय होना है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में सर्वे का काम सभी तहसील कार्यालयों के एसडीएम द्वारा कराया जाता है, जिसके लिए उप समिति का गठन किया जाता है। इस समिति में तहसीलदारों से लेकर आरआई और पटवारियों को शामिल किया जाता है, जो अपने-अपने तहसील क्षेत्र के डेवलपमेंट इलाकों में सर्वे कर वहां की जमीन की वर्तमान कीमत का पता लगाकर इसकी रिपोर्ट तैयार करते हैं।



### इस तरह बढ़ी कीमत

राजधानी रायपुर की बात करें तो जिन इलाकों में 8 वर्ष पहले जमीन की कीमत 1000 से 1200 सौ रुपए फीट थी। उसी क्षेत्र में अब उसकी कीमत बढ़कर 2500 से लेकर 4000 रुपए फीट तक हो गई है। अमलीडीह, चंगोराभाठा, संतोषीनगर, भाठागांव, रायपुरा, कबीरनगर, कोटा, मोवा, गुढ़ियारी सहित ऐसे कई इलाके हैं, जहां की जमीन की कीमत कई गुना बढ़ चुकी है।

### भूमाफिया-कारोबारी उठा रहे लाभ

जमीन की कीमत नहीं बढ़ने का सबसे ज्यादा फायदा भू-माफिया एवं कारोबारी उठा रहे हैं। वे दोनों मनमानी कीमत पर जमीन की खरीदी और बिक्री कर मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं सरकारी बाजार भाव में जमीन की कीमत नहीं बढ़ने से रजिस्ट्री में भी उन्हें ज्यादा स्टांप शुल्क देना नहीं पड़ रहा है। इससे सरकार को हर महीने करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति भी हो रही है। कलेक्टर गाइड लाइन में जमीन का बाजार भाव इससे पहले वर्ष 2016 में बढ़ाया गया था।

### 8 साल से सर्वे नहीं, इसलिए जमीन का मूल्यांकन भी नहीं

सूत्रों के अनुसार जिले में पिछले 8 साल से जमीन की कीमत को लेकर कोई सर्वे ही नहीं किया गया है। इसके कारण रायपुर, धरसींवा, अभनपुर, आरंग व तिल्दा क्षेत्र में किस इलाके में जमीन का कितनी कीमत चल रही है, इसका अब तक मूल्यांकन ही नहीं हो पाया है। हालांकि तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल में जमीन की कीमत में बढ़ोतरी की जगह 30 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इस छूट के बाद जिले में जमीन की जमकर खरीदी-बिक्री हुई, जिसके कारण पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री भी बंपर हुई। इससे शासन को भी राजस्व के रूप में अच्छी आय हुई। राज्य में सरकार बदलने के बाद एक अप्रैल 2024 को 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया गया। इसके बाद रजिस्ट्री फिर महंगी हो गई है, लेकिन जमीन की कीमत अभी भी 8 वर्ष पूर्व कीमत पर ही हो रही है, जबकि इन वर्षों में इसकी कीमत कई गुना बढ़ चुकी हैं।

### जिला समिति में लेंगे निर्णय

*जिले में वैसे तो अभी जमीन की कीमत को लेकर सर्वे शुरू नहीं हो पाया है। इस बीच अगर आदेश जारी होता है तो मार्च महीना खत्म होने से पूर्व इसका सर्वे करना होगा। सर्वे के बाद इसकी रिपोर्ट जिला समिति की बैठक में रखी जाएगी। इस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। इसके अलावा पंजीयन विभाग, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। इस बैठक में रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।*

### रूटीन प्रक्रिया, जारी है सर्वे

*हर साल जमीन का सर्वे किया जाता है। इस बार भी किया जा रहा है। यह रूटीन प्रक्रिया है।*

*- नंदकुमार चौबे, एसडीएम रायपुर*

### आदेश नहीं मिला है

*सर्वे का आदेश अभी मिला नहीं है। मार्च का महीना बचा है। आदेश मिलने पर सर्वे किया जाएगा।*

*- पवन कोसमा, तहसीलदार रायपुर*

### आदेश आने पर करेंगे सर्वे

*जमीन की कीमत को लेकर सर्वे किया जाना है। ऐसा कोई आदेश हमें नहीं मिला है। आदेश मिलने पर सर्वे का काम शुरू करेंगे।*

*- कमलेश तिवारी*
*अध्यक्ष, पटवारी संघ रायपुर*

# नगर निगम में सभापति और नेता प्रतिपक्ष बनाने कांग्रेस ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगमों में सभापति और नेता प्रतिपक्ष तथा जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। राजधानी रायपुर प्रतिमा चंद्राकर, दुर्ग सुबोध हरितवाल, बिलासपुर प्रमोद दुबे समेत 33 पर्यवेक्षक बनाए गए हैं।

पर्यवेक्षकों की सूची में अनुभवी नेताओं के साथ महिला प्रतिनिधियों के भी नाम शामिल है। प्रतिमा चंद्राकर को रायपुर नगर निगम, प्रमोद दुबे को बिलासपुर नगर निगम और शिव डहरिया को रायगढ़ नगर निगम की जिम्मेदारी दी गई है। जयसिंह अग्रवाल को मनेंद्रगढ़ और जांजगीर-चांपा जिला पंचायत की जिम्मेदारी सांसद ज्योत्सना महंत को सौंपी गई है। नगर पंचायत और नगर पालिका के लिए भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनने के लिए कांग्रेस ने पर्यवेक्षक भेजने का निर्णय लिया है। कांग्रेस की ओर से सूची जारी कर दी गई है।

**जिला पंचायतों में कांग्रेस की स्थिति अच्छी- बैज:** पर्यवेक्षक नियुक्ति को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिला पंचायतों में कांग्रेस अच्छी स्थिति में है, इसलिए सभी जिलों के जिला पंचायतों के अध्यक्षों के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक और प्रभारी की नियुक्ति किए गए है। नगर निगम और नगर पंचायत में सभापति, नेता प्रतिपक्ष चयन के लिए भी नियुक्ति की गई है। प्रभारी पर्यवेक्षक जल्द से जल्द अपने-अपने क्षेत्र में बैठक कर ज्यादा से ज्यादा अध्यक्ष चुनकर आएं, ये सुनिश्चित करेंगे।

## सुरेश दुआ ने जीता सुपर रैडोन्नेयर्स का खिताब

**रायपुर।** रायपुर रैडोन्नेयर्स द्वारा आयोजित सुपर रैडोन्नेयर्स चुनौती को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था। रायपुर के साइकिलिस्ट सुरेश दुआ ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए निर्धारित 6 दिन की अवधि में इसे पूरा किया। सुपर रैडोन्नेयर्स में साइकिलिस्ट को 2 सौ किलोमीटर 13.5 घंटे, 3 सौ किमी 20 घंटे, 4 सौ किमी 27 घंटे एवं 6 सौ किमी 40 घंटे में पूरी करनी होती है। इस 6 दिन के सुपर रैडोन्नेयर्स चुनौती में सहनशक्ति, शारीरिक एवं मानसिक क्षमता की परीक्षा होती है।

# व्यापारी एकता पैनल ने बनाई पंच कमेटी, 5 को प्रत्याशियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल आमने-सामने हैं। जय व्यापार पैनल ने चैंबर चुनाव को लेकर प्रदेश के विभिन्न व्यापारिक संगठनों से मुलाकात कर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगने बैठक लेनी शुरू कर दी है। वहीं व्यापारी एकता पैनल ने एक दिन पूर्व बैठक कर पंच कमेटी का गठन किया है। इसमें अध्यक्ष पद के संभावित नामों पर चर्चा की गई, जिसमें सतीश थौरानी, विजय अग्रवाल, चेतन तारवानी, सरल मोदी और राधाकिशन सुंदरानी का नाम शामिल है। इसी तरह महासचिव पद के लिए अमर बंसल, विजय मुकीम, सुभाष अग्रवाल, राजेश वासवानी, संजय जैन, निकेश बरड़िया, कोषाध्यक्ष पद के लिए विनोद तलरेजा, अरविन्द जैन, योगी अग्रवाल, जसप्रीत सिंह के नाम संभावित हैं। 5 मार्च को पंच कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों का चयन किया जायेगा।

### जय व्यापार पैनल ने मनमोहन अग्रवाल को मुख्य चुनाव संचालक बनाया



जय व्यापार पैनल ने मनमोहन अग्रवाल को मुख्य चुनाव संचालक नियुक्त किया है। पैनल से जितेन्द्र दोशी और विक्रम सिंहदेव ने बताया कि शनिवार को छत्तीसगढ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज 2025 चुनाव के लिए जय व्यापार पैनल ने मुख्य चुनाव संचालक मनमोहन अग्रवाल को नियुक्त किया है। साथ ही चुनाव सह संचालक की नियुक्ति भी की है। पैनल ने मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली को पत्र जारी कर जय व्यापार पैनल के मुख्य चुनाव संचालक एवं सह संचालक की जानकारी दी। जय व्यापार पैनल से पत्राचार करने पैनल के मुख्य चुनाव संचालक व सह संचालक इस प्रकार हैं, मनमोहन अग्रवाल, नरेन्द्र दुग्गड़,गार्गी शंकर मिश्रा, विनय बजाज, कैलाश खेमानी।

### आयुष्मान के नाम पर वसूली निजी अस्पतालों की शिकायत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने राजधानी के निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना की आड़ में मरीजों से की जा रही वसूली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हाल ही में रायपुरा के निजी अस्पताल में मरीज के परिजनों से 40 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। वहीं के दूसरे अस्पताल में हाइड्रोसिल का ऑपरेशन करने योजना के हितग्राही से 20 हजार रुपए डिमांड की गई। पीड़ित परिवारों के साथ छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने सीएमएचओ और कलेक्टर से लिखित शिकायत की है, साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इसी तरह देवेंद्र नगर, शंकर नगर तथा अन्य अस्पतालों में भी मरीजों को परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई गई है।

# चुनाव खत्म, काम पर लौटने लगे मजदूर मनरेगा में तालाबों के गहरीकरण में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का असर मनरेगा के कार्यों पर भी पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत नए और पुराने तालाबों के लिए गहरीकरण के कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन चुनाव के कारण ज्यादातर मजदूर मनरेगा का कार्य छोड़कर चुनाव प्रचार में जुट गए थे। चुनाव प्रचार में मजदूरों को मनरेगा में मिलने वाली एक दिन की मजदूरी से अधिक पैसे मिलते थे, जिसके कारण मनरेगा में मजदूरों का टोटा हो गया था। कम संख्या में मजदूरों के काम पर पहुंचने के कारण तालाबों के गहरीकरण के कार्य भी धीमी गति से हो रहे थे, लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है और मजदूर फिर से मनरेगा के काम पर लौटने लगे हैं, जिससे तालाबों के गहरीहरण के कार्य भी अब जोर पकड़ने लगे हैं।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत नए के साथ पुराने तालाबों का किया जा रहा गहरीकरण



### गर्मीभर तेज रफ्तार से होगा काम

मजदूरों के वापस लौटने से तालाबो के गहरीकरण के कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। यह रफ्तार आगामी दिनों में और जोर पकड़ेगी, जिससे संभावना जताई जा रही है कि गर्मीभर में कई तालाबों के गहरीकरण के कार्य भी पूर्ण कर लिए जाएंगे।

### 1077 तालाबों का होना है गहरीकरण

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत पिछले दो साल में 1723 तालाबों के गहरीकरण के कार्य होने हैं। इनमें से अब तक 646 तालाबों के गहरीकरण के कार्य ही पूर्ण हो पाए हैं, वहीं शेष 1077 तालाबों के गहरीकरण के कार्य अभी अधूरे हैं। इन अधूरे कार्यों को जल्द से जल्दा पूरा कराने के लिए विभाग की ओर से पूरा जोर दिया जा रहा है, लेकिन बारिश का सीजन, कभी धान की खरीदी तो कभी चुनाव इन कार्यों में बाधा बनी है, जिससे तालाबों के गहरीकरण के कार्य में विलंब हो रहे हैं। इनमें ऐसे कई तालाब हैं, जिनका गहरीकरण के कार्य दिसंबर तक पूर्ण हो जाने थे, लेकिन मजदूरों के काम पर नहीं आने के कारण वे अब तक अपूर्ण हैं।

### पीक सीजन में मनरेगा में 1 लाख से अधिक पहुंचते हैं मजदूर

*पीक सीजन यानी गर्मी के महीनों में मनरेगा अंतर्गत काम पर एक लाख से अधिक मजदूर पहुंचते हैं। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। धान की कटाई, तौलाई से लेकर खरीदी का काम खत्म हो चुका है, वहीं चुनाव भी खत्म हो चुके हैं। मजदूर अब फिर से खाली हो गए है, जिसके बाद मजदूर अब मनरेगा के काम पर लौटने लगे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार मनरेगा में 50 हजार से अधिक काम पर पहुंचने लगे हैं। यह संख्या आगामी दिनों में लगातार बढ़ेगी।*

### पीक सीजन में तेजी से होगा काम

*पीक सीजन शुरू हो गया है। मजदूर भी अब पहले से ज्यादा संख्या में काम पर पहुंच रहे हैं, जिससे काम में और तेजी आई है। शेष बचे तालाबों के गहरीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।*

*- रोशनी तिवारी, जिला सहायक*

## मेंटेनेंस के लिए तय की जा रही एजेंसी, प्रबंधन ने जारी किया टेंडर

# अप्रैल-मई की गर्मी में 4 सौ कूलर देंगे मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल-मई में पड़ने वाली भारी गर्मी में आंबेडकर अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को 400 कूलर राहत देंगे। गर्मी की शुरुआत के पहले तीन मंजिला भवन के विभिन्न वार्डों में लगाए गए कूलरों के मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय की जा रही है। इन कूलरों के साथ आईसीयू, इमरजेंसी यूनिट तथा प्रशासनिक खंड में लगाए गए करीब ढाई सौ एसी लोगों को राहत का प्रयास पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

मार्च की शुरुआत में ही गर्मी शहर में अपना असर दिखाना शुरू कर चुकी है। दूसरे पखवाड़े के बाद इसके तेवर और कड़े हो जाएंगे। गर्मी अप्रैल-मई में तो पीक पर होने की वजह से हालत खराब कर देती है। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय डा. बीआर आंबेडकर अस्पताल की ऊपरी मंजिलों में स्थित वार्डों में भर्ती रहने वाले मरीजों की स्थिति ज्यादा दिक्कतों भरी होती है। अस्पताल का भवन काफी पुराना होने की वजह से यहां सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम नहीं है, इसलिए मरीजों को राहत देने के लिए कूलर और एसी का सहारा लिया जाता है। अस्पताल में मरीजों, डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को राहत देने के लिए चार सौ से अधिक कूलर और करीब ढाई सौ एसी मौजूद हैं।




हर साल गर्मी के पहले इनके रखरखाव की आवश्यकता पड़ती है। गर्मी की शुरुआत के पहले ही आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा बिगड़े कूलरों को सुधारने तथा पूरी गर्मी उसका रखरखाव करने मानव संसाधन जुटाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एजेंसी तय करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। मार्च के अंतिम दिनों तक यह प्रक्रिया पूरी करने के बाद संभवतया गर्मी की शुरुआत के साथ कूलर का उपयोग शुरू कर दिया जाएगा।

### वाटर कूलरों का रखरखाव

अस्पताल में रोजाना ओपीडी में आने वाले करीब डेढ़ हजार और भर्ती एक हजार मरीज के साथ चिकित्सकीय स्टाफ की प्यास बुझाने के लिए भूतल से लेकर अस्पताल के प्रत्येक फ्लोर पर तीन से चार वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। सामान्य दिनों में इससे मिलने वाले पानी से डिमांड पूरी हो जाती है। गर्मी में खपत बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए जरूरतों के हिसाब से इसकी संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### एसी खरीदी प्रक्रियाधीन

*अस्पताल में ट्रामा एवं इमरजेंसी, विभिन्न विभागों के आईसीयू सहित अन्य स्थानों पर लगे पुरानी एसी को बदलने के लिए बड़ी संख्या में एसी खरीदी की अनुमति मिली है। अस्पताल प्रबंधन इसके लिए खरीदी की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है। माना जा रहा है कि गर्मी प्रारंभ होने के पहले खरीदी पूरी कर ली जाएगी। अस्पताल के अन्य वार्डों के साथ पेइंग वार्ड में लगे पुराने एसी को भी बदलने का प्रस्ताव है।*

### राजस्व मंत्री सहित जिम्मेदारों को बर्खास्त करें : कन्हैया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश के राजस्व मंत्री और उनके महकमें के प्रमुख जिम्मेदारों को बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता को राजस्व के घोटाले से मुक्ति दिलाएं और मठ मंदिर सार्वजनिक उपयोग की सरकारी भूमि को वह माफिया के कब्जे से बचाए।

उन्होंने कहा कि, विधानसभा में विधायकों के सवालों के जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा लगातार भ्रष्टाचारियों का बचाव करते गोलमोल जवाब देते रहे जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को टिप्पणी करनी पड़ी के मंत्री जी विभाग को वेंटिलेटर में जाने से बचा लीजिए। विधानसभा अध्यक्ष की एक टिप्पणी ही सरकार के मंत्री और उनके महकमें के भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामों की खुली किताब की तरह है। प्रदेश के मुखिया को इसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ 7 से



रायपुर। शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस, बीटीआई मैदान के सामने तीन दिवसीय 7 से 9 मार्च तक श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम कथा के कथावाचक युगतुलसी श्री रामकिंकर महाराज की हृदयात्मजा कथा व्यास दीदी मां मंदाकिनी होगी। श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन की ओर से बताया गया है कि कथा प्रतिदिन शाम 6.30 से 8.30 रात्रि बजे तक होगी। इससे पूर्व शाम को 5.30 से 6.30 बजे तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम पेश किया जाएगा।

## निधन

### हेमलता एक्का



रायपुर। रायपुर निवासी मंत्रालय कर्मचारी संघ की पूर्व अध्यक्ष हेमलता एक्का का 1 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार टिकरापारा क्रिश्चियन कब्रिस्तान में 2 मार्च को सुबह 9 बजे किया जाएगा।

### समीप गुप्ता



रायपुर। राज टॉवर गांधी मैदान ब्रह्मपुरी निवासी समीप गुप्ता का 1 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रमोद गुप्ता के पुत्र थे।

### प्रभु गंगवानी



रायपुर। फाफाडीह नहरपारा निवासी प्रभु गंगवानी (68) का 1 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवा के पिता और मोतीलाल, राजकुमार, अनिल, अशोक, मनोहर, मुकेश, दिनेश, प्रकाश के भाई थे।

# सेक्सटार्सन, डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग का झांसा देने के बाद ओटीपी कॉल मर्ज कर ठगी का नया पैटर्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले ठगी करने हर तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जालसाजों ने ठगी करने नया हथकंडा अपनाया है, जिसमें जालसाजों को मैनुअल तरीके से ओटीपी हासिल करने की जरूरत नहीं है। ओटीपी स्वयं उनके पास पहुंच जाएगी, इसके बाद जालसाज आपके अकाउंट को खाली कर सकते हैं। हालांकि राज्य में अब तक इस प्रकार की ठगी की घटना सामने नहीं आई है, बावजूद इसके साइबर पुलिस अलर्ट है और लोगों को किसी अंजान नंबर से आए कॉल करने वाले के कहने पर अपना कॉल मर्ज नहीं करने सतर्क किया है।

नए पैटर्न की ठगी को लेकर नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के यूपीआई ने भी इस नए तरीके के ठगी के शिकार होने से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए चेतावनी दी है कि साइबर ठग आपको ओटीपी बताने के लिए कॉल मर्जिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके झांसे में न आएं, सतर्क रहें और अपने पैसे की सुरक्षा करें। पूर्व में जालसाज लोगों को उनके एटीएम ब्लॉक होने का झांसा देकर एटीएम का पासवर्ड हासिल कर ठगी करते थे। कॉल मर्जिंग कर ठगी करना उसी का एडवांस स्वरूप है।

***ऐसे करते हैं ठगी :*** जालसाज किसी को कॉल कर उनके किसी करीबी रिश्तेदार या दोस्त से नंबर मिलने का झांसा देकर अपनी बातों में उलझाते हैं। विश्वास हासिल करने सामने वाले से बात कराने लाइन में होने का झांसा देकर कॉल मर्ज करने के लिए कहते हैं। इसके बाद सामने वाले के मोबाइल में कॉल वेटिंग आने लगता है। जालसाज के झांसे में आकर अगर कोई अपना कॉल मर्ज कर लेता है, ऐसे में जालसाज बैंक संबंधित जानकारी की ओटीपी हॉसिल कर चुटकियों में अकाउंट खाली कर देता है।

## नए पैटर्न की ठगी में जालसाज को ओटीपी पूछने की जरूरत नहीं

### कॉल मर्जिंग कॉल ओटीपी वाइस कॉल होता है

मोबाइल में दो तरह से ओटीपी जनरेट किया जाता है। इसमें एक एसएमएस के मध्यम से तो दूसरा वॉइस के माध्यम से ओटीपी जनरेट किया जाता है। जालसाज कॉल मर्जिंग को सुन ओटीपी की जानकारी हासिल कर अकाउंट में सेंध लगाने का काम करते हैं। इससे बचने के लिए किसी भी अंजान नंबर से किए गए कॉल की ओटीपी मर्ज नहीं करने साइबर पुलिस के अलावा एक्सपर्ट ने लोगों को समझाइश दी है।



### कॉल मर्ज स्कैम से ऐसे बचें

- किसी भी अंजान नंबर से बात करते समय दूसरी कॉल मर्ज न करें
- किसी से फोन पर बात करने किसी का वेटिंग कॉल आए, तो पहली कॉल कट करने के बाद ही कॉल रिसीव करें
- अगर अंजान व्यक्ति किसी परिचित या दोस्त का हवाला देकर बात करे, तो इसकी पहले पुष्टि कर लें, इसके बाद बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ाएं
- अगर कॉल के माध्यम से आपको ऐसे लेन देन का ओटीपी मिला है, जिसे आपने शुरू ही नहीं किया है। ऐसी स्थिति में इसकी शिकायत 1930 के साथ ही डब्लूडब्लूडब्लू डॉट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर कर सकते हैं।

# 500 करोड़ का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार, 5 नए गौरवपथ, आउटर के दर्जनभर इलाकों में सड़क बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने शहर विकास के लिए 500 करोड़ का रायपुर सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार किया है। इसमें शहर में 5 नए गौरवपथ का निर्माण होगा। रायपुरा क्षेत्र में महादेवघाट से लाखेनगर तक 4 किलोमीटर दायरे में शहर का दूसरा गौरवपथ बनाने की योजना है, जिसमें 29 करोड़ रुपये खर्च होंगे। टाटीबंध क्षेत्र में टाटीबंध से मोहबा बाजार तक लोगों के सुगम आवागमन के लिए करीब 2 किलोमीटर लंबा गौरव पथ 12 करोड़ की लागत से बनेगा। इसी तरह कौशिल्या विहार गेट से अटल एक्सप्रेस वे तक डेढ़ किलोमीटर लंबा गौरवपथ बनेगा। पचपेड़ीनाका से कालीबाड़ी चौक तक 14 करोड़ की लागत से शहर का चौथा गौरवपथ और फाफाडीह चौक से अंडरपास बिलासपुर रोड तक नया गौरवपथ बनाने का प्रस्ताव तैयार है।

- **नगरीय प्रशासन संचालनालय को भेजेंगे प्रस्ताव**

नगरीय प्रशासन संचालनालय को रायपुर नगर निगम जल्द शहर के सिटी डेवलपमेंट का प्रस्ताव भेजेगा। इसका खाका तैयार हो गया है, 500 करोड़ रुपये के सिटी डेवलपमेंट प्लान में शंकरनगर क्षेत्र के खम्हारडीह स्थित बीएसएनएल आफिस से अंबुजा मॉल तक नई सड़क बनाई जायेगी। नगर निगम और लोक निर्माण नई सड़क का निर्माण करवायेगा। करीब 2 किलोमीटर लंबाई वाली सड़क के निर्माण में 13 करोड़ का खर्च अनुमानित है।




### 4 बड़े नालों के लिए 40 करोड़ का प्रस्ताव

रायपुर सिटी डेवलपमेंट प्लान में शहर के 4 बड़े नालों की दशा सुधारने 40 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। इनमें तेलीबांधा से कचना फाटक तक के बड़े नाला को 12 फीट चौड़ा कर सुगम निकासी की व्यवस्था बनाई जायेगी। दो किलोमीटर लंबे इस नाला को सुधारने में 10 करोड़ खर्च होंगे। इसी तरह वंडरपार्क के पास बहने वाले बड़े नाले को सरोना से खारुन नदी तक 12 फीट चौड़ा करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही अटारी नाला को अटारी से खारुन नदी तक 12 फीट चौड़ा कर गंदे पानी के निकास की सुगम व्यवस्था बनाने 5 करोड़ खर्च अनुमानित है। फुंडहर से दलदल सिवनी तक छोकरानाला की चौड़ाई 25 फीट करने 20 करोड़ की योजना बनकर तैयार है।

### तालाबों के पास वेंडिंग जोन का प्रस्ताव

बूढ़ातालाब की तर्ज पर राजधानी के 5 अन्य तालाबों के पास पथकर विक्रेताओं को सुव्यवस्थित करने नए वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इनमें जोरा तालाब, गजराज बांधा तालाब, महंत तालाब, छुइहा तालाब और खमतराई तालाब शामिल हैं। इसके लिए 33 करोड़ का प्रावधान सिटी डेवलपमेंट प्लान में किया गया है। राज्य शासन के पास यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है।

### ग्रामीण इलाकों में नगर निगम बनवाएगा आंतरिक सड़क

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आमासिवनी, लभांडी, रायपुरा, भाठागांव, सरोना, चंदनीडीह, सड्डू और अमलीडीह में लोगों के आवागमन को सुगम बनाने आंतरिक रोड का निर्माण कराया जायेगा। 11 जगहों पर रहवासी इलाके में नई सड़क बनाने 20 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा रहा है।

### दलदल सिवनी में 2000 सीटर आडिटोरियम बनेगा

रायपुर नगर निगम के जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी क्षेत्र में डेढ़ एकड़ खाली जमीन पर 2000 दर्शकों की क्षमता युक्त प्रेक्षागृह का निर्माण कराया जायेगा। इसकी अनुमानित लागत 35 करोड़ प्रस्तावित है। इसी प्रकार शहर के मध्य में स्थित ऐतिहासिक टाउनहाल के विकास के लिए 4 करोड़ की योजना बनेगी, ताकि प्राचीन धरोहर को संरक्षित रखा जा सके।

# माहांत तक 40 डिग्री पर तापमान तीन महीने अधिक गर्मी, लू के दिन और वर्षा की गतिविधि ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च की शुरुआत 36-37 डिग्री के तापमान के साथ हो गई है। उतार-चढ़ाव के साथ माह के अंत तक रायपुर समेत अन्य इलाकों में 40-41 डिग्री की गर्मी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग दिल्ली द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से लेकर मई के महीने में सामान्य से ज्यादा गर्मी, हीट वे की संख्या और बारिश की गतिविधि ज्यादा रहने की संभावना है।

- **मौसम विभाग ने जारी किया तीन महीने का पूर्वानुमान, अभी रायपुर पारा 37 के करीब**

प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ इस बार अधिक संख्या में आया है। जनवरी के ठंड को कम करने के बाद फरवरी में इसकी वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव रहा। रायपुर में मार्च के पहले दिन तेज धूप के साथ गर्मी महसूस होने लगी है। अनुमान है कि आने वाला दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। दूसरे पखवाड़े से पारा चढ़ने में नियमितता आएगी और अंतिम दिनों तक शहर में तेज गर्मी का प्रभाव शुरू हो जाएगा। इधर मौसम विभाग दिल्ली द्वारा अगले तीन महीने यानी ग्रीष्म ऋतु का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसमें न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने, अप्रैल-मई में चलने वाली ग्रीष्म लहर के दिनों की संख्या और बारिश यानी बूंदाबांदी वाली स्थिति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

### दूसरे दिन भी रायपुर सबसे गर्म

रायपुर में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार दूसरे दिन शहर सबसे गर्म रहा और दोपहर तेज धूप से लोग परेशान होते रहे। माना जा रहा है कि अगले चौबीस घंटे प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। अब अंबिकापुर से भी ठंड कम होने लगी है वहां भी न्यूनतम तापमान 13 डिग्री से अधिक हो चुका है।

### रायपुर में मार्च की गर्मी

रायपुर में 28 मार्च 1892 को सबसे अधिक यानी 43.33 डिग्री की गर्मी पड़ी थी। सबसे ठंडी 8.3 डिग्री वाली रात 4 मार्च 1898 की थी। पिछले दस साल में रायपुर का तापमान उतार-चढ़ाव के साथ 40 डिग्री तक पहुंचता रहा है। इस बार भी अंतिम दिनों में तेज गर्मी बढ़ने की संभावना है बशर्ते पश्चिमी विक्षोभ मौसम को प्रभावित ना करे।

## पेज 11 के शेष ...

### दशगात्र की परंपरा पर...

में लोग दशगात्र के दौरान नहाने के लिए करते थे, लेकिन अब इसका पानी इतना गंदा हो चुका है कि नहाना तो दूर, इसे हाथ में भी नहीं लिया जा सकता।

**तालाब में नहाने से झिझक रहे लोग :** डंगनिया तालाब में नहाने की परंपरा बहुत पुरानी है, लेकिन पिछले कुछ समय से पानी की गंदगी के कारण लोग यहां आना कम कर रहे हैं। लोग अब यहां बोरिंग के पानी से ही हाथ-पैर धोकर लौट रहे हैं। गंदे पानी के कारण लोगों में खुजली और बीमारियों का डर बढ़ गया है, जिससे वे स्नान करना उचित नहीं समझ रहे हैं। वर्तमान में तालाब का पानी हरा हो गया है और उसमें दुर्गंध भी उठ रही है। इस गंदे पानी के कारण लोग यहां स्नान करने से झिझक रहे हैं।

### टंकी और टैंकर के...

साफ पानी से हाथ-पैर धो सकें। इसके साथ ही इस समस्या को हल करने के लिए बोरिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि तालाब की सफाई की जरूरत है, ताकि पूजा-अर्चना में कोई विघ्न न आए और आने वाले श्रद्धालु आसानी से धार्मिक कार्य कर सकें।

### राठौर का चमक...

की। इस बैठक में सभी पार्षदों से उनकी मंशा भी जानी गई। इसी के साथ बैठक में विधायक राजेश मूणत ने सभी पार्षदों से पूछा, सभापति को लेकर प्रदेश संगठन का जो निर्णय होगा, वह सबको मान्य होगा या नहीं। इस पर सभी पार्षदों ने हाथ उठाकर सहमति दी कि सभी को प्रदेश संगठन का निर्णय मान्य होगा।

### लगी महापौर की...

सोमवार को दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना के बाद नया कामकाज संभालेंगी। इसके साथ ही वे शहर सरकार की नई टीम तैयार करने जुटेंगी। महापौर की परिषद में 14 एमआईसी मेंबर को लेकर जहां लोगों में उत्सुकता देखी जा रही है, वहीं नवनिर्वाचित पार्षद भी नई जिम्मेदारी मिलने की आस में हैं। हालांकि महापौर मीनल चौबे ने एमआईसी सदस्यों के नाम के पत्ते अभी नहीं खोले हैं, पर उन्होंने संकेत दिया है कि महिला महापौर होने के नाते उनकी परिषद में नवनिर्वाचित महिला पार्षदों को बराबर तवज्जो दी जायेगी। एमआईसी के प्रबल दावेदारों में पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, सदन में अपनी बात बेबाकी से तथ्यों के साथ रखने वाली दूसरी बार की पार्षद सरिता दुबे, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, आशु चंद्रवंशी, गोपेश साहू, नंदकिशोर साहू, गज्जू साहू, निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर को चुनाव में हराकर पहली बार पार्षद बने अमर गिदवानी, सबसे कम उम्र के युवा पार्षद अमन ठाकुर का नाम सामने आया है। महिला पार्षदों में कृतिका जैन, ममता-सोनू तिवारी, गायत्री चंद्राकर, श्वेता विश्वकर्मा, स्वप्निल मिश्रा का नाम एमआईसी सदस्य के लिए चर्चा में है।

### ऐश्वर्या एम्पायर की...

कहकर घर से निकली थी। देर शाम तक आहना घर नहीं पहुंची तो उसके पिता मनोज जैन डीडीनगर थाने में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। इसी दौरान मनोज को ऐश्वर्या एम्पायर में एक लड़की की खुदकुशी करने की जानकारी मिली। मोबाइल से लोकेशन ट्रेस करने पर आहना का लोकेशन ऐश्वर्या एम्पायर के पास होना पता चला। इसके बाद आहना के पिता, उसकी मां तथा अन्य परिजन घटना स्थल पहुंचे, वहां उन्हें अपनी बेटी द्वारा खुदकुशी किए जाने की जानकारी मिली। **डिक्की में मिले गिफ्ट :** पुलिस ने घटनास्थल पर मिली आहना की एक्टिवा की डिक्की खोलकर जांच की तो उसमें गिफ्ट आयटम्स मिले, जिसमें से ज्यादातर खुले हुए थे। पुलिस को आशंका है कि मृतका अर्णव के जन्मदिन में शामिल होने के लिए आई होगी। इसी दौरान उनके बीच विवाद हुआ होगा और आहना ने छत से कूदकर खुदकुशी कर ली होगी। स्थिति को देखते हुए पुलिस अब तक इसे खुदकुशी का मामला मानकर जांच कर रही है।

### बारहवीं के हिंदी के...

इस बार नकल रोकने के लिए काफी सख्ती बरत रहा है। इसके लिए फ्लाइंग स्कवाड का गठन किया गया है, जो छापामार तरीके से स्कूलों में जाकर जांच कर रहा है। इस बार नकल अथवा परीक्षा को लेकर होने वाली किसी भी तरह की लापरवाही के लिए केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को बारहवीं का पहला पेपर हिंदी का था जो अपने निर्धारित समय पर शुरू हुआ। हिंदी का पेपर सामान्यतः सरल होने की वजह से परीक्षार्थियों में खुशी का माहौल रहा।

फ्लाइंग स्कवाड की टीम विभिन्न स्कूलों में जाकर जांच करती रही, मगर हिंदी की परीक्षा होने की वजह से नकल का एक भी मामला सामने नहीं आया। बारहवीं की परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 2 लाख 40 हजार 341 लोगों ने पंजीयन कराया है, मगर पहले दिन करीब दो हजार विद्यार्थी परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचे। बारहवीं की परीक्षाएं 28 मार्च तक चलेंगी। दसवीं की परीक्षा सोमवार : कक्षा दसवीं की परीक्षा सोमवार 3 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगी। इसके लिए राज्य में 3 लाख 28 हजार 450 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। दसवीं की परीक्षा भी बारहवीं की तरह सुबह नौ बजे से शुरू होगी। परीक्षार्थियों के लिए एग्जाम हॉल में डिजिटल उपकरण प्रतिबंधित किया गया है। दसवीं की परीक्षा के लिए रायपुर में 152 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि बारहवीं की परीक्षा 149 केंद्रों में ली जा रही है।

### हवलदार के खिलाफ लोग...

वर्ष 2012 में गुढ़ियारी थाना में आरक्षक के पद पर तैनात गोविंद सिंह हरबंश, कोर्ट कर्मचारी की पत्नी संतोषी ऊर्फ प्रीति देवांगन सहित अन्य छह लोगों ने जयदेव तथा राज के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कराने वालों ने पुलिस को बताया है कि जयदेव ने उन्हें राज द्वारा प्लाटिंग कर सस्ती कीमत पर प्लाट देने का झांसा देकर किस्तों में रुपए लेकर जमीन रजिस्ट्री कराने के बाद रजिस्ट्री की मूल प्रति उपलब्ध नहीं कराई। पटवारी से संपर्क करने पर पटवारी ने डोमा ग्राम में राज के नाम से किसी भी प्रकार की जमीन नहीं होने की जानकारी दी। जयदेव पुलिसकर्मी था, इस वजह से उसने अपने हमपेशा साथियों के अलावा अन्य जयदेव द्वारा दी गई कच्ची रसीद पर यकीन कर ठगी का शिकार हो गए।

# भारत का पहला क्रायोथेरेपी चेंबर अब रायपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर अब देश के पहले क्रायोथेरेपी चेंबर का केंद्र बन गया है, जिसे एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी सेंटर मैग्नेटो मॉल में लांच किया गया है। क्रायोथेरेपी का आगमन रायपुर को हेल्थ और स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक नया आयाम देगा, जिससे शहर राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बना सकता है। सेंटर के पदाधिकारियों ने बताया कि क्रायोथेरेपी, यानी कोल्ड थेरेपी, दुनियाभर के एथलीट्स, फिटनेस उत्साही और दर्द से राहत पाने वाले लोगों के लिए एक प्रभावी तकनीक है, जो शरीर को -100C से भी कम तापमान में कुछ मिनटों के लिए एक्सपोज कर मांसपेशियों की रिकवरी, सूजन में कमी और ऊर्जा स्तर बढ़ाने में मदद करती है। इस तकनीक का उपयोग दुनियाभर के ओलंपिक एथलीट्स और प्रोफेशनल स्पोर्ट्समैन करते हैं और अब यह सुविधा छत्तीसगढ़ में उपलब्ध होने से पूरे देश के खिलाड़ियों और स्वास्थ्य प्रेमियों को रायपुर आने के लिए आकर्षित करेगी।




**आम - सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजा मुखर्जी पिता श्री श्यामाप्रसाद मुखर्जी के द्वारा विक्रेता श्री धमेन्द्र सिंह ठाकुर, पिता स्व. राधेश्याम सिंह ठाकुर, निवासी - शीतलापारा, महादेव घाट रोड़, राम मूर्ति के पास, रायपुरा, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि खुली भूमि जो कि वार्ड डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वाके मौजा ग्राम भाठागांव, प.ह.न. 105/60, रा.नि.मं. रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नम्बर 20/18 का रकबा 0.1011 हेक्टेयर में से रकबा 1507 वर्गफूट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है साथ ही तत्संबंध में विक्रय अनुबन्ध पत्र भी निष्पादित कर लिया गया है। वर्तमान में केवल उपरोक्त भूमि के विक्रय विलेख का पंजीयन एवं, निष्पादन ही शेष रह गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के स्वामित्व, अधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय एवं, अर्ध शासकीय निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग पर उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे उक्त कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा साथ ही समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का अपने पक्ष में विक्रय विलेख का निष्पादन एवं, पंजीयन करवाने हेतु स्वतंत्र होगा ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनॉक- 01.03.2025

एन. आर. साहू, सनत ठाकुर
अधिवक्ता
ऑफिस - मकान नं.-जेड-34, वर्धमान नगर देवपुरी, रायपुर
तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 96693 00030, 9827482106

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि विक्रेता तिरथ बाई उर्फ किरण साहू, पति- तिजऊराम, निवासी- बमलई चौक, साहू, पारा, वार्ड नं. 53, मठपुरैना, रायपुर, छ.ग. के स्वामित्व की कृषि भूमि मौजा-टेकारी, प.ह.न. 124/5, रा.नि.मं. अभनपुर, विकासखण्ड- अभनपुर, तहसील- अभनपुर, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 343/4 रकबा 0.405हे. भूमि खरीदने का पक्का सौदा भूमि स्वामी के द्वारा किया गया है तथा उक्त भूमि के संबंध में विक्रेता के द्वारा बयाना राशि प्राप्त कर लिया है तथा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

यह कि, उपरोक्त सौदे को लेकर किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय निकाय/ बैंक/ पक्षकार को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो कृप्या उपरोक्त खसरे से संबंधित भूमि के समस्त कागजातों के साथ मेरे कार्यालय में 15 दिवस के भीतर अपना दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद किसी प्रकार की दावेदारी उपरोक्त भूमि के संबंध में शून्य माना जावेगा।

**रायपुर, छ.ग.**
**दिनांक 01.03.2025**

भवदीय
धीरज मसरके अधिवक्ता
पता-जनता कॉलोनी, एल.आई.जी.- 112
गुढियारी रायपुर छ.ग., मो.- 9301150295

**कार्यालय राजस्व निरिक्षक रायपुर-16**
**सारागांव तहसील धरसींवा, जिला-रायपुर**
**सीमांकन के सम्बंध में आम सूचना**

दिनांक 27/02/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवेन्द्र कुमार वर्मा पिता रामशिरोमनी वर्मा वगैरह निवासी शंकर नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 154/65 रकबा 0.1560 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसीवा के आदेश दिनांक 24.10.2024 के परिपालन में दिनांक 28.03.2025 को समय 11.00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित पटवारी कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अतः सूचना जानें।**

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. रायपुर- 16 (सारागांव)

### लायंस रीजन कांफ्रेंस आज

**रायपुर**। राजधानी रायपुर स्थित ग्रैंड नीलम होटल में 2 मार्च को लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट की रीजन कॉन्फ्रेंस होगी। रीजन कॉन्फ्रेंस में करीब 12 क्लब्स के सदस्य शामिल होंगे, जिन्हें उनके किए गए सेवा कार्यो के लिए रीजन चेयरमैन लायन संतोष गुप्ता सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के प्रायोजक लायंस क्लब सीनियर हैं। यह जानकारी लायन डॉ. निरंजन हरितवाल ने देते हुए बताया कि इस कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम, लायन विजय अग्रवाल एवं लायन रिपुदमन पुसरी विडीजी द्वितीय, अमरजीत दत्ता, लायन शैलेश अग्रवाल, लायन रंजना क्षेत्रपाल, लायन तिलोक बरड़िया, सभी पूर्व प्रांतपाल विशेष अतिथि रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### वाटर वर्ल्ड रायपुरा निगम का बकायादार फर्म नहीं

**रायपुर।** नगरनिगम जोन 8 के रायपुरा स्थित वाटर वर्ल्ड नगर निगम जोन 8 के राजस्व विभाग को पूर्ण भुगतान प्राप्त हो गया है। यह फर्म निगम का बकायादार फर्म नहीं है। जोन 8 जोन कमिश्नर ए.के. हालदार के निर्देश व जोन 8 सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक सुनील रघुवंशी ,नीलम सहारे की उपस्थिति में राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। जिसमें रायपुरा स्थित वाटर वर्ल्ड से 19,45,240 रुपये की राजस्व प्राप्ति जोन 8 राजस्व विभाग को 31 मार्च 2025 के एक माह पूर्व प्राप्त हो गई ।

### गांधी सदन में प्रापर्टी टैक्स जमा करने काउंटर

**रायपुर।** निगम मुख्यालय में राजस्व विभाग की ओर से संपत्ति करदाता नागरिकों की सुविधा के लिए अलग से काउंटर प्रारंभ किया गया है। काउंटर में ऐसे सभी करदाता जिनकी प्रापर्टी ऑनलाइन दर्ज है। वे अपने संपत्ति कर का नगद ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। शनिवार को अवकाश के दिन भी संबंधित काउंटर से प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा जारी रही।

### उपायुक्त राजस्व ने किया औचक निरीक्षण



**रायपुर।** शनिवार को नगर निगम आयुक्तअबिनाश मिश्रा के आदेश पर निगम उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जोन 10 क्षेत्र के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल की उपस्थिति में मारुति हेरिटेज,पारेख शो रूम और अन्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही संपत्ति कर वसूली अभियान की जानकारी ली। उपायुक्त राजस्व ने बड़े बकायादारों से तत्काल स्थल पर निगम के राजस्व विभागके पास संपत्ति कर जमा करवाया।

# सात वर्षों में 638 वर्ग किलोमीटर वनक्षेत्र आग की चपेट में आकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राज्य के वनों के लिए वनोपज महुआ काल साबित हो रहा है। महुआ बीनने वाले महुआ के लालच में जंगल को आग में झोंक रहे हैं। इसके कारण पिछले सात वर्षों में राज्य का 638 वर्ग किलोमीटर जंगल आग की चपेट में आकर खाक हो गया। इनमें सबसे ज्यादा आगजनी की घटना बस्तर इलाके के बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा एरिया में हुई। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बल ऑपरेशन के दौरान जंगल में छिपे नक्सलियों को उनकी मांद से निकालने सूखी पत्तियों में आग लगा देते हैं। इस वजह से बस्तर के वनों में आगजनी की घटनाएं ज्यादा होती हैं।

राज्य के दो तिहाई से ज्यादा इलाका 59 हजार वर्ग किलोमीटर का एरिया वनक्षेत्र में शामिल है। इस लिहाज से आग की चपेट में आकर वनक्षेत्र का एक प्रतिशत भू भाग आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया है। आगजनी से सबसे कम नुकसान वर्ष 2020 तथा 2024 में हुआ है। वर्ष 2021 में आगजनी की घटना से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इस वर्ष आग की चपेट में आकर डेढ़ सौ वर्ग किलोमीटर वनक्षेत्र प्रभावित हुआ है।

### साढ़े चार हजार फायर वाचर तैनात

वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव के अनुसार आग पर काबू पाने इस वर्ष राज्य के अलग-अलग वनक्षेत्र में साढ़े चार हजार फायर वाचर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा आग पर काबू पाने एक हजार फायर ब्लोवर की व्यवस्था की गई है। साथ ही पिछले वर्ष से वन विभाग के अफसरों को जंगल में लगी आग पर काबू पाने पुलिस के साथ कलेक्टर से मदद लेने अफसरों को निर्देश दिए गए हैं। वनबल प्रमुख के अनुसार जंगल को आग से बचाने महुआ पेड़ के पास की सूखी पत्तियों को हटाने का काम किया जा रहा है।



### हरसंभव उपाय किए जा रहे

जंगल को आग से बचाने हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। इसके लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के साथ ही वनक्षेत्र में रहने वाले लोगों को आग बुझाने प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। जमीनी स्तर पर पहले से तैयारी करने की वजह से पिछले वर्ष जंगल को आग से कम नुकसान हुआ है।

- वी. श्रीनिवास राव, वनबल प्रमुख

### इन-इन वर्षों में इतने किलोमीटर के जंगल आग की चपेट में

- 2018 - 117.12
-2019 - 138.54
- 2020 - 14.25
- 2021 - 142.79
- 2022 - 129.29
- 2023 - 62.51
- 2024 - 33.72

## देखरेख के अभाव में मशीनें कबाड़, 3 जगह की वाटर एटीएम पार

# गर्मी में प्यास बुझाने निगम ने लगवाई 20 जगहों पर वाटर एटीएम, आधे से ज्यादा जगहों की मशीनें खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों, शासकीय आफिस, बगीचों के बाहर लोगों को गर्मी के दिनों में शुद्ध पेयजल सुगमता से उपलब्ध कराने करीब 2 करोड़ खर्च 20 जगहों पर वाटर एटीएम मशीनें लगवाई गईं। अनुबंधित एजेंसी को शर्त के मुताबिक 7 साल तक वाटर एटीएम मशीनों का संचालन व संधारण करना था, पर मशीन लगाने के 3 साल बाद ही एजेंसी बीच में काम छोड़कर वापस चली गई। नतीजतन देखरेख के अभाव में आधे से ज्यादा वाटर एटीएम मशीनें कबाड़ हो चुकी हैं। 3 स्थानों पर लगाई गई मशीन अज्ञात लोगों ने पार कर दी, बाकी जगहों पर वाटर एटीएम मशीन की हालत ये है कि मशीन सिक्का तो निगल रही पर ठंडा पानी नहीं आ रहा। लोग ठंडे पानी के लिए भटकने लगे हैं। वहीं शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन उदासीन बना हुआ है।

- अनुबंधित एजेंसी को 7 साल करना था मेंटनेंस, 3 साल में ही काम छोड़ा






**केस 1**

*केनाल रोड- मशीन बदहाल : पहले एक रुपये का सिक्का डालने पर लोगों को मिनटों में 1 लीटर शुद्ध व ठंडा पानी मिलता था। आज हालत ये है, वाटर एटीएम मशीन बंद पड़ी है। इसके तार भी कट गये हैं। मशीन के आसपास गंदगी फैली हुई है। नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि केनाल रोड से रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है।*

**केस 2**

*खालसा स्कूल के पास : पंडरी इलाके में खालसा स्कूल के पास लगाये गये वाटर कूलर में पानी नहीं आ रहा। यहां कोर्ट से आने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को ठंडा पानी की सुविधा देने के मकसद से मशीन लगाई गई, पर मेटनेंस नहीं होने से यह खराब हो गई। शिकायत के बाद भी इसे सुधारा नहीं जा रहा है।*

**केस 3**

*मोतीबाग चौक : शहर के मुख्य गार्डन व शहर के बीच वाटर एटीएम मशीन नगर निगम ने लगवा तो दी, पर इसकी देखरेख की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सुबह-शाम लोग बगीचे में वॉक करने आते हैं, मोतीबाग में झूला झूलने बच्चों का आना-जाना रहता है। स्कूली विद्यार्थी दोपहर के समय यहां अपनी प्यास बुझाने पहुंचते हैं, पर मशीन ठंडा पानी देने की जगह सिक्का निगल रही है।*

**केस 4**

*रामनगर सामुदायिक भवन के पास : रामनगर चौक पर सामुदायिक भवन के समीप वातानुकूलित वाटर एटीएम मशीन की सुविधा शुरू की गई। मशीन से ठंडा व गर्म पानी अलग-अलग उपलब्ध कराने की व्यवस्था रही। कुछ वर्षों तक यहां से रामनगर, गुढ़ियारी सहित आसपास के रहवासी अपनी जरूरत के हिसाब से शीतल पेयजल ले जाते रहे। उस समय मशीन की देखरेख व वाटर एटीएम संचालन के लिए निगम की ओर से कर्मचारी तैनात किये गये।*

### इन स्थानों पर लगाई थी वाटर एटीएम

- मोतीबाग चौक
- केनाल रोड
- पंडरी जिला अस्पताल
- मोवा नहरपारा कांपा
- शंकरनगर में जोन 3 दफ्तर के सामने
- बीएसयूपी आरपी रियल एस्टेट सड्डू 1
- बीएसयूपी आरपी रियल एस्टेट सड्डू 2
- बीएसयूपी कचना फर्स्ट साइट
- बीएसयूपी हीरापुर सोनडोंगरी
- बीएसयूपी दलदल सिवनी
- बीएसयूपी कचना सेकेंड साइट
- बीएसयूपी तेलीबांधा साइट
- बीएसयूपी रायपुरा इंद्रप्रस्थ साइट
- बीएसयूपी सरोना वालफोर्ट
- बीएसयूपी सरोना -सचदेव छोटा बीएसयूपी
- एम्स हास्पिटल गुरुद्वारा के पास
- सरस्वती नगर थाना के पास
- डब्लूआरएस कालोनी रायपुर
- ढेबर सिटी भाठागांव बीएसयूपी
- नत्थानी भाठागांव बीएसयूपी
- वालफोर्ट के पीछे भाठागांव बीएसयूपी
- आंबेडकर अस्पताल मेन गेट के पास

## पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक, बांटी गई जिम्मेदारी



**रायपुर।** बूढ़ापारा चौक बिजली ऑफिस के सामने स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी 9 मार्च को सुबह 11 बजे से पुरानी बस्ती, महामाया मंदिर स्थित सत्संग भवन हाल में सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए आयोजित होने जा रहे परिचय सम्मेलन की अंतिम रूपरेखा तयकर प्रतिभागी पंजीयन, टोकन आवंटन, भोजन, प्रवेश व्यवस्था, मंचीय संचालन, काउंसिलिंग आदि के लिए प्रमुखजनों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने संयुक्त रूप से बताया कि एकाकीपन का जीवन व्यतीत कर रहे प्रतिभागियों के अंधेरे जीवन में फिर से उजाला लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए अभी तक 144 पुरुष तथा 36 महिलाओं का अंग्रिम पंजीयन किया जा चुका है, जो अभी भी लगातार जारी है। इस वर्ष महिलाओं एवं युवतियों का पंजीयन निशुल्क करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। संस्था के पदाधिकारी लगातार तैयारी में जुटकर व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### संजीवनी सीबीसीसी कैंसर हॉस्पिटल में 3डी-4के आईसीजी लेप्रोस्कोपिक सर्जरी मशीन की शुरुआत



**रायपुर।** हाल ही में संजीवनी सीबीसीसी कैंसर हॉस्पिटल में अत्याधुनिक 3डी-4के आईसीजी लेप्रोस्कोपिक सर्जरी मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस नई एडवांस्ड तकनीक से अब तक 50 से अधिक सफल मिनीमली इनवेसिव कैंसर सर्जरी की जा चुकी हैं, जिनमें सामान्य सर्जरी के साथ-साथ जटिल प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। वरिष्ठ कैंसर सर्जन और संजीवनी सीबीसीसी कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन ने बताया कि यह मशीन छत्तीसगढ़ में उपलब्ध कैंसर सर्जरी के लिए एक महत्वपूर्ण एडिशन है। इससे सर्जिकल ऑंकोलोजी के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित और सुलभ लेप्रोस्कोपिक कैंसर सर्जरी की जा रही है। सर्जिकल डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अर्पण चतुर्मोहता ने बताया कि इस तकनीक से मरीजों को छोटे चीरे, तेज रिकवरी, कम दर्द और अस्पताल में कम समय बिताने का लाभ मिल रहा है।

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने एनएसडीसी इंटरनेशनल के साथ की साझेदारी



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने डीकिन यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से ग्लोबल जॉब रेडीनेस प्रोग्राम शुरू करने के लिए एनएसडीसी इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के रोजगार कौशल को बढ़ावा देना और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर के अवसरों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो-चांसलर एसएस बजाज, कुलपति प्रो. एसके सिंह और अन्य विश्वविद्यालय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में छात्रों को छह महत्वपूर्ण कार्यस्थल कौशलों में ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें संचार, सहयोग, समस्या समाधान, नवाचार, डिजिटल साक्षरता और वित्तीय साक्षरता शामिल हैं। छात्र 30 घंटे की संरचित शिक्षा पूरी करने के बाद मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग लेंगे और सफल समापन पर उन्हें डीकिन यूनिवर्सिटी और एनएसडीसीआई से संयुक्त प्रमाणन प्राप्त होगा।

## छोटे अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत देने बनाए गए नियम, पर लागू नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीस बिस्तर तक के छोटे अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत देने के लिए राज्य में नियम तो बनाया गया है, मगर इसे अब तक लागू नहीं किया गया है। इसकी वजह से ऐसे अस्पतालों के संचालन में कठिनाई आ रही है। एएचपीआई ने बिहार की तरह यहां भी नियम लागू करने की मांग की है।

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि शासन द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए छोटे अस्पतालों के लिए नर्सिंग होम एक्ट के नियम में शिथिलता लाने के लिए नियम बनाया था। इसके तहत 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन की आवश्यकता से बाहर रखने की सुविधा दी गई थी। शासन ने नियम तो बनाया, मगर इसे अब तक लागू नहीं किया गया है, जिसकी वजह से छोटे अस्पतालों को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही है।

- एएचपीआई ने बिहार की तर्ज पर लागू करने मांग की

डा. गुप्ता ने कहा कि हाल ही में बिहार कैबिनेट द्वारा 40 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन करने की छूट के प्रावधान को मंजूरी दी है। राज्य में छोटे नर्सिंग होम और एकल डॉक्टर क्लिनिक निर्बाध रूप से लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सके, इसके लिए राज्य शासन को नियम लागू करना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से अपील की है कि सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन की परिधि से बाहर रखने के लिए निर्देशित करें।

## कुशालपुर शीतला कालोनी में मोबाइल टावर के विरोध में ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में वामनराव लाखे वार्ड स्थित कुशालपुर की शीतला कालोनी में मोबाइल टावर लगाने का स्थानीय रहवासियों ने विरोध किया है।

घनी आबादी में मोबाइल टावर लगाने से प्रदूषण को लेकर चिंतित रहवासियों ने श्रम कल्याण मंडल सदस्य व छाया पार्षद सर्वजीत सिंह ठाकुर के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

प्रभावित बस्ती के रहवासियों ने जिला कलेक्टर को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि दुर्गा मंदिर के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान निर्माण करवाने के बाद संबंधित मकान मालिक मोबाइल टावर कंपनी के साथ एग्रीमेंट कर मोबाइल टावर लगवा रहे हैं। यह मोबाइल टावर घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगवाया जा रहा है, इससे रेडियेशन का खतरा उत्पन्न हो सकता है। संबंधित मकान के 50 फीट के दायरे में बच्चों की आंगनबाड़ी और शासकीय प्राथमिक शाला भवन है। मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडियेशन से आंगनबाड़ी में आने वाले छोटे बच्चों और प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले विद्यार्थियों सहित मोहल्ला वासियों को प्रभावित करेगा। इसीलिए टावर लगाने पर रोक लगाई जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्वजीत सिंह ठाकुर, राकेश सिंह ठाकुर, हरीश मिश्रा, आदुला झा, छोटू सोनी शामिल रहे।


## रायपुर कॉन्वेंट स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थी हुए सम्मानित



- खेलकूद और कला क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान

**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संचालक स्व. सुश्री जया कसार की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और उनके परिजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर स्व. जया कसार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद और कला क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विभिन्न व्यक्तियों को स्व. जया कसार की याद में सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तियों को विद्यालय के सचिव कमल प्रसाद कसार, आदित्य कसार और विद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्वेता वासनिक, रानी शर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## मैग्नेटो मॉल ने हयात होटल में मनाई 15वीं वर्षगांठ



**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल ने हयात होटल में एक शानदार कार्यक्रम के जरिए अपनी 15वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया। इस अवसर पर उद्योग जगत के दिग्गजों, उद्यमियों और सम्मानित मेहमानों की उपस्थिति रही, जिन्होंने मॉल की 15 साल की यात्रा को सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक पैनल चर्चा रही, जो मेहबूब मेमन द्वारा संचालित की गई। इस चर्चा में खुदरा क्षेत्र के विकास, उपभोक्ता व्यवहार और शॉपिंग सेंटरों के स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव को लेकर गहरा विचार-विमर्श हुआ। इस आयोजन ने मैग्नेटो मॉल की 15 साल की यात्रा और उसकी उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। मॉल की टीम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने ग्राहकों और साझेदारों को असाधारण खरीदारी अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस शानदार आयोजन में मॉल के निदेशक प्रियांक सिंघानिया और अविनाश ग्रुप के आनंद सिंघानिया भी उपस्थित थे, जिन्होंने मॉल की सफलता को सराहा और भविष्य के विकास पर विचार व्यक्त किए।

## डॉ. प्रदीप साहू बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित



**रायपुर।** अफ्रीका की वेबिक यूनिवर्सिटी ने बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपने अद्वितीय योगदान के लिए डॉ. प्रदीप साहू को मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया। यह पुरस्कार डॉ. साहू को उनके समर्पण, संघर्ष और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में किए गए अत्यधिक मूल्यवान कार्यों के लिए दिया गया है। कांकेर जिले के भानुप्रतापुर के निवासी डॉ. प्रदीप साहू ने अपनी शिक्षा और कौशल का उपयोग भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करने के लिए किया है। उन्होंने विदेशों में उच्च पदों की नौकरी को ठुकराया और अपने देश में रहकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने का संकल्प लिया। उनका यह कार्य न केवल बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करता है, बल्कि भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।






हरिभूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



लाइव इवेंट

## कठिन परिस्थितियों में काउंसिलिंग का जाना तरीका, साइकोलॉजी पर चर्चा



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के साइकोलॉजी विभाग द्वारा काउंसिलिंग और फोरेंसिक साइकोलॉजी विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ. ऋचा शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसिलिंग चलाया जा रहा है, जो एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इस कोर्स में छात्राएं दो माह की इंटर्नशिप भी करती हैं, जिसमें वे अस्पताल या मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक में जाकर प्रैक्टिकल ज्ञान प्राप्त करती हैं। प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा कि वर्तमान में संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और एकल परिवारों में कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं है, जिससे लोगों को अकेलापन महसूस होता है। ऐसे में काउंसिलिंग की आवश्यकता और महत्व बढ़ जाता है।

### प्रैक्टिकल तरीके से समझाया

कार्यशाला संयोजक सचिव डॉ. मिनी एलेक्स ने विशेषज्ञों का परिचय दिया और आभार व्यक्त किया। संयोजक सचिव डॉ. गौतमी भतपहरी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। डॉ. संजय भारद्वाज ने छात्राओं को काउंसिलिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने काउंसिलिंग और गाइडेंस के बीच अंतर और काउंसलिंग के विभिन्न स्टेप्स को प्रैक्टिकल तरीके से समझाया। छात्रों को कुछ एक्टिविटी के माध्यम से काउंसिलिंग की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला। दूसरे दिन विशेषज्ञ ने छात्राओं के बीच काउंसिलिंग सेशन कराया और विभिन्न परिस्थितियों में काउंसिलिंग करने के तरीके पर चर्चा की। कार्यशाला में पीजी डिप्लोमा और एमए की छात्राएं शामिल रहीं और उन्होंने डॉ. संजय के व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी बताया।

सीजी बोर्ड परीक्षा की शुरुआत, आसान सवाल होने से हिंदी में अच्छे अंक मिलने की बढ़ी उम्मीद

# हिंदी के आसान सवालों ने दूर की चिंता, खिल उठे चेहरे, कहा- तैयारी के अनुरूप पूछे गए सभी प्रश्न

**छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा की शुरुआत शनिवार को हिंदी पेपर से हुई। परीक्षा के पहले दिन हिंदी पेपर के आसान सवालों ने विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। सुबह 8 बजे से ही छात्र परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हुए और इस दौरान कई छात्रों ने माता-पिता का आशीर्वाद लिया तथा मंदिर जाकर भगवान के दर पर माथा भी टेका।**





**रायपुर।** पहली परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में चिंता और तनाव था, लेकिन जैसे ही हिंदी पेपर मिला, सभी चिंताएं दूर हो गईं। छात्रों ने बताया कि रातभर परीक्षा को लेकर मन में डर था, खासकर पेपर की कठिनाई को लेकर, लेकिन जब उन्होंने पेपर पढ़ा तो सारे सवाल उनके लिए आसान और तैयारी के अनुरूप थे, जिससे उनकी चिंताएं खत्म हो गईं। परीक्षा समाप्त होने के बाद हरिभूमि की टीम ने छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने कहा कि हिंदी के निबंध और



आवेदन पत्र से संबंधित सवाल काफी सरल थे और तैयारी के अनुसार ही आए थे। इस सरलता ने उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया है और अब वे आगामी परीक्षाओं के लिए अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। परीक्षा के पहले दिन के अच्छे प्रदर्शन से छात्रों का आत्मविश्वास दोगुना हो गया है, जिससे उन्हें आगामी पेपर में अच्छे अंक प्राप्त करने की उम्मीद बढ़ गई है। छात्रों ने हिंदी के पेपर को सकारात्मक रूप से लिया और इसके सरलता से खुश थे।

### हिंदी विषय में सरल प्रश्न पूछे गए

परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे और उत्तरपुस्तिका में कैसे लिखें? इस विषय में जानकारी के लिए मंडल द्वारा जारी हेल्पलाइन



नंबर पर कॉल किया था। जिससे परीक्षा में लिखने और समय प्रबंधन मे मदद मिला। छात्रा पायल लहरे ने बताया कि सेट में काफी सरल प्रश्न पूछा गया था। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने के लिए समय प्रबंधन और लेखन शैली बेहतर होनी चाहिए, इस वर्ष सभी विषयों में अच्छी तैयारी है।

### प्रश्नों को लिखने से पहले पढ़ा

छात्रा तृप्ति साहू ने बताया कि शिक्षकों के कहने पर सभी प्रश्नों को लिखने से पहले पढ़ा और



समझने का प्रयास किया। बोर्ड परीक्षा में सरल प्रश्न पूछे गए थे, लेकिन मुझसे तीन प्रश्न छूट गए। अंग्रेजी परीक्षा की तैयारी हिंदी से बेहतर करूंगी, ताकि सभी प्रश्नों को पर्याप्त समय दिया जा सके।

### घर से माता-पिता और भगवान का आशीर्वाद लेकर पहुंचीं



हिंदी विषय का पर्चा बहुत अच्छा गया, बारहवीं कक्षा में बेहतर अंक हासिल करने की तैयारी है। छात्रा तानिया बंजारे ने बताया कि परीक्षा शुरू होने से पहले डर लग रहा था। शिक्षकों के कहने पर आदर्श पुस्तक से तैयारी जारी है, स्कूल आने से पहले माता-पिता से आशीर्वाद और भगवान की पूजा की थी। प्रश्नपत्र देखते साथ ही सब तनाव कम हो गया, सभी प्रश्नों को समझकर उत्तर लिखा है।

### स्कूल और दोस्तों के साथ की तैयारी



बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए ट्यूशन क्लास नहीं गई, स्कूल और दोस्तों के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही हूं। छात्रा पलक विश्वकर्मा ने बताया कि शिक्षकों ने किताब, एनसीईआरटी, नवबोध, प्रबोध, आदर्श सभी से पढ़ाई करने को कहा था, लेकिन कम समय में सभी को कवर करना मुश्किल लगा। सभी से तैयारी करने के बदले किसी एक किताब से तैयारी करें और अपना 100 प्रतिशत देने का प्रयास करें। समय प्रबंधन के लिए प्रश्नपत्र में जारी लेखन शब्द अंक के अनुसार लिखा, कम अंक के सवालों में अधिक समय बर्बाद नहीं किया है। परीक्षा से पहले शिक्षकों ने उत्तरपुस्तिका में लिखने की तैयारी कराई थी।

### मां ने कराई परीक्षा की तैयारी



छात्रा आटैना नाज ने बताया कि परीक्षा से पहले मां ने घर पर सभी प्रश्नों को समझाया है, हिंदी विषय में पढ़ने से बेहतर सुनने से तैयारी होती है। घर पर मां सभी परीक्षा की तैयारी कराती हैं, कक्षा दसवीं में 87 प्रतिशत हासिल किए थे, इस वर्ष भी उतनी ही तैयारी है। बारहवीं के बाद फार्मेसी कॉलेज में दाखिले के लिए अच्छे अंक हासिल करने होंगे।



## सिटी इवेंट

# अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर नहीं परोसनी चाहिए अश्लीलता



रायपुर। प्रभा खेतान फाउंडेशन के कार्यक्रम 'कलम' में शनिवार को वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं स्तंभकार अनंत विजय शामिल हुए। इस सत्र में उनसे अभिकल्प फाउंडेशन के संस्थापक गौरव गिरिजा शुक्ला ने बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान अनंत की किताब 'ओवर द टॉप-ओटीटी का मायाजाल' पर बातचीत हुई। चर्चा में ओटीटी प्लेटफार्म के विभिन्न सीरीज में दिखाई जाने वाली हिंसा, गाली-गलौज, नग्नता इत्यादि मुद्दों पर सवाल-जवाब हुए। उन्होंने कहा कि समाज में जो कुछ हो रहा है, उसे फिल्मों में दिखाया जाना चाहिए लेकिन उसे दिखाने का एक सलीका होता है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अश्लीलता दिखाने की उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने अनेक वेबसीरीज में सांप्रदायिक मुद्दों में एक पक्ष को पीड़ित दिखाने और दूसरे पक्ष को हिंसक या गलत ठहराने को भी जायज नहीं कहा।

### दुष्परिणाम हमारे समाज के सामने

पाठकों ने भी लेखक अनंत विजय से अनेक सवाल किए। इन्हीं में से एक सवाल था कि आजकल सत्ता से जुड़ी फिल्में क्यों बनाई जा रही हैं और क्या इसकी वास्तव में जरूरत है? इस पर अनंत विजय ने कहा कि आज दर्शक बहुत विविध हो गए हैं और लगातार नए-नए प्रयोग हो रहे हैं, इसलिए निर्देशक भी पुरानी बातें नए तौर-तरीके से दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। बच्चों पर मोबाइल और इंटरनेट के दुष्प्रभाव पर चिंता जताते हुए लेखक ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि पालक अपने बच्चों को समय दें। उन्हें सवाल पूछने दें और धैर्य के साथ उन सवालों के उत्तर दें। आपकी अनुपस्थिति में किसी बच्चे के मोबाइल स्क्रीन पर क्या चल रहा है इसे कोई नहीं जान पाएगा और इसके अनेक दुष्परिणाम हमारे समाज के सामने हैं।

## सिटी लाइव

# स्काई वॉचिंग कैम्प में बच्चों ने देखा खगोलीय दृश्य



रायपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा और जंगल सफारी नवा रायपुर द्वारा बच्चों और बड़ों के लिए स्काई वॉचिंग कैम्प का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विज्ञान सभा की टीम दो टेलीस्कोप के साथ उपस्थित थी। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महाविद्यालयीन विद्यार्थी और नागरिक इस अद्भुत खगोलीय दृश्य का आनंद लेने पहुंचे। विज्ञान सभा के अध्यक्ष और प्रशासन अकादमी निमोरा के पूर्व संयुक्त संचालक विश्वास मेश्राम ने उपस्थित लोगों को खगोलीय घटनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंद्रमा अमावस्या के दिन सूरज के साथ उगता है, साथ-साथ चलता है और सूरज के साथ ही डूब जाता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सचिव और वर्तमान में रेरा सदस्य धनंजय देवांगन ने टेलीस्कोप के माध्यम से बृहस्पति ग्रह के तीन चंद्रमाओं को बृहस्पति की डिस्क के साथ देखा। वहीं विज्ञान सभा रायपुर इकाई की सचिव अंजू मेश्राम ने विद्यार्थियों को विज्ञान दिवस के महत्व और इसके इतिहास के बारे में जानकारी दी।

**नवा रायपुर में स्काई वॉचिंग कैंप का आयोजन**

### विज्ञान दिवस पर स्पर्धा का आयोजन



*रायपुर। कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोडक्ट फॉर्मुलेशन तकनीकी, ई पोस्टर प्रेजेंटेशन, प्रेजेंटेशन, वीडियो मेकिंग स्पर्धा शामिल रहा। एक दिवसीय कार्यक्रम में बेहतर स्वास्थ्य और आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली पर प्रदर्शनी तैयार की गई। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा एनालिटिकल मैथड डेवलपमेंट, मार्केटिंग फाइनेंशियल स्ट्रेटजी की मदद से ग्रीन टी, लिप बाम, हर्बल शैंपू, फेस वॉश, हेयर मास्क, न्यूट्रीशन सप्लीमेंट, ड्राई नट्स चॉकलेट, जेली चॉकलेट, काढ़ा पाउडर के स्टॉल सजाए गए।*

### इग्नू का 38वां दीक्षांत समारोह 5 मार्च को दिल्ली में, क्षेत्रीय केंद्र पर मिलेगी डिग्री

रायपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू का 38वां दीक्षांत समारोह 5 मार्च को दिल्ली स्थित विश्वविद्यालय के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में इग्नू द्वारा तीन लाख 13 हजार 770 शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम देशभर में इग्नू के विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। रायपुर क्षेत्रीय केंद्र पर यह समारोह 5 मार्च को सुबह 11 बजे इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र कचना में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे और योग्य विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे।

**राष्ट्रीय पुरानी वस्तु दिवस पर हरिभूमि ने पाठकों के लिए खोजे ऐसे शौकीन, जिनका संग्रह दुर्लभ**

# आना-पैसा, 80 के दशक के तराजू समेत रिकार्ड और ग्रॉमोफोन सहेजने का शौक, सज गए 8 शोकेस

'दशकों पहले बाजार में आना एवं पैसे का चलन हुआ करता था। तब इन्हें देने पर ही जरूरी सामग्री मिलती थी, अब ऐसे सिक्के दुर्लभ हैं। सोने-चांदी की खरीदी-बिक्री में काम आने वाले भौतिक तराजू की जगह 80 के दशक के बाद इलेक्ट्रॉनिक कांटे ने ले ली। इससे बदलते दौर में वे भी बाजार से गायब हो गए। 40 साल मनोरंजन का हिस्सा रहे रिकार्ड व ग्रॉमोफोन की जगह आधुनिक साधनों ने ले ली, लेकिन संग्रह का शौक रखने वालों के शोकेस में ऐसी वस्तुएं अब भी यादों का हिस्सा हैं।'

रायपुर। देश-प्रदेश के लोगों ने वर्ष 1800 से साल 2000 यानी 200 वर्षों के बीच कई बदलाव देखे हैं। इस बीच प्रचलित आना-पैसा और इसके बाद रुपए का रूप ले चुके सिक्कों को देकर बाजार में खरीदी का चलन रहा। जाने कितने ही सिक्के मार्केट में चलन बंद होने से गायब हो गए। कुछ ऐसी ही दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह बागबहरा निवासी सुनील सारडा, नेवरा निवासी कपिल भट्टर, पुरानी बस्ती निवासी लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने किया है। उन्होंने बताया कि बनवाए गए 8 शोकेस भरने के बाद संग्रह को सुरक्षित रखने के लिए उनकी पैकिंग भी करनी पड़ी। यह जतन सभी पुरानी वस्तुओं को संजोने के लिए करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हमने दादा-पिता के दौर की चीजों को शौक का हिस्सा बना लिया है।







### तौल बदला तो शोकेस में सजाया

संग्रह का शौक रखने वाले श्री सारडा ने बताया कि 1990 से पहले सोना-चांदी तौलने के लिए पीतल के तराजू और बांट का इस्तेमाल किया जाता था। तब एक तोला से लेकर 100 तोला वजनी सोना और चांदी अगर कोई खरीदने दुकान में आते थे तो उन्हें इससे ही तौलने के बाद आभूषण बेचते थे। लोग भी इस तौल पर भरोसा किया करते थे। जब इनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक तराजू ने ली तो इसे शोकेस का हिस्सा बनाते हुए सजा दिया। इनसे अपनों की यादें जुड़ी हैं, इसलिए संग्रह का हिस्सा बना लिया।



### कई दौर में प्रचलित सिक्के खास

उन्होंने बताया कि हमने दादा से सुना है कि पहले काम के बदले वस्तु मिलती थी। इसके बाद पाई और कौड़ी का चलन था। इसके बाद सिक्के के रूप में एक, दो और चार आना भी चलन में आया। बाद में पैसा और अब बाजार में रुपए का प्रचलन है। समय के साथ चीजें बदली और बाजार से सिक्के गायब होते गए, लेकिन इनको सहेजने का शौक ऐसा है कि खाली समय इनके रखरखाव में बीतता है। हर सिक्के की बनावट और आकृति उनकी महत्ता बयां करती है। इनको तब सहेजना आसान था।





### संगीत के पारखी ही रखते थे रिकॉर्ड

पुरानी वस्तुओं को सहेजने का शौक रखने वाले श्री भट्टर ने बताया कि 1940 से लेकर 1980 के बीच संगीत के पारखी ही घरों में गीतों का लुत्फ उठाने के लिए तवे की आकृति में मिलने वाले रिकार्ड के साथ ही ग्रॉमोफोन भी रखते थे। जब 1940 में पहली मूक फिल्म आलमआरा आई, तब लाउड स्पीकर के माध्यम से आयोजनों में इस्तेमाल किया जाने लगा। 1980 के बाद संचार साधानों में आई क्रांति के चलते रिकार्ड और ग्रॉमोफोन गायब हो गए। अब तो मोबाइल भी संगीत का साधन बन गया।

### 4 बाई 4 इंच की दुर्लभ टीवी खास

दादा और पिता से प्राप्त संग्रह को लेकर श्री लाहोटी ने बताया कि पुराने दौर के सिक्कों समेत मैने शोकेस में पिताजी के जमाने में प्रचलित अलग-अलग साइज के 35 से ज्यादा अलग-अलग कंपनी द्वारा बाजार में लाए गए रेडियो का भी संग्रह तैयार किया है। इसके अलावा करीब 45 साल पहले लाई गई 4 बाई 4 इंच साइज की दुर्लभ टीवी भी संग्रह का हिस्सा है। इसे दो से तीन लोग एकदम सामने बैठकर देख सकते थे। आंखों पर इफेक्ट पड़ने से यह देश में 300 ही बिकी और फिर बंद हो गई।

## पतझड़ में टेसू के फूलों की बहार...



रायपुर। दिन के वक्त गर्मी बढ़ने लगी है, वहीं दूसरी ओर टेसू के फूल अपनी खूबसूरती से राहत भी दे रहे हैं। रायपुर सहित गांवों के आसपास के क्षेत्रों में सड़क किनारे पलाश के पेड़ों पर टेसू के फूलों की बहार आई हुई है, जो अपनी रंगीन और मनमोहक खूबसूरती से यात्रियों को आकर्षित कर रही है। इस मार्ग से गुजरने वाले लोग इन फूलों के अद्भुत सौंदर्य में खो जाते हैं और प्रकृति की इस अनुपम सुंदरता का आनंद लेते हैं।





# महिलाएं प्रत्येक पूजा कर और करवा भी सकती हैं, आचरण और नियम होने चाहिए शुद्ध



रायपुर। बच्चों में संस्कार मां से आते हैं, इसलिए आज के परिवेश में यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि घर में महिलाओं को पूजा-पाठ की सही विधि और तरीके पता हों। अगर पूजा विधि सही होगी तो बच्चों में आपके संस्कार खुद-ब-खुद आ जाएंगे। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते ने कुलदेवता पूजन, अभिषेक और गणेश पूजा पर आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन अवंति विहार, शंकरनगर और देवेंद्र नगर महिला केंद्र की ओर से किया गया, जिसमें महाराष्ट्र मंडल के सभी 16 केंद्रों की महिलाएं शामिल हुईं। आचार्य श्री दंडवते ने बताया कि घर पर श्रीसूक्त, अथर्वशीर्ष, विष्णु सूक्त और पुरुष सूक्त का पाठ करने वाले लोग पूजा विधि को एकदम सही तरह से संपन्न कर सकते हैं। पूजा की शुरुआत आचमन, प्राणायाम, संकल्प, पृथ्वी पूजा, कलश पूजा, शंख और घंटी की पूजा से होती है, इसके बाद जिस देवता की पूजा की जा रही हो, उसकी पूजा करनी होती है।

### सभी प्रकार के मंत्रोच्चार भी

आचार्य श्री दंडवते ने शंकाओं का समाधान करते हुए बताया कि महिलाएं प्रत्येक पूजा कर सकती हैं और करा भी सकती हैं, बशर्ते उनका आचरण और सारे नियम शुद्ध हों। महिलाएं स्नान-ध्यान के बाद सभी प्रकार के मंत्रोच्चार कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में आचार्य श्री दंडवते की 54वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई, जहां महिलाओं ने उनकी आरती उतारी। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का साप्ताहिक पाठ भी किया। मंडल की आध्यात्मिक समिति के इस अभियान के 61 सप्ताह पूरे होने जा रहे हैं और महिला केंद्रों में इस अभियान को लेकर वही जोश तथा उत्साह बरकरार है, जैसा इसकी शुरुआत में था।

**कुलदेवता पूजन, अभिषेक और गणेश पूजा पर हुई महाराष्ट्र मंडल में कार्यशाला**

**रावांभाठा के होटल में सनातनधर्मी वर-कन्याओं के वैवाहिक आयोजन में छलका उत्साह**

# 51 जोड़ों की निभाई गई हल्दी-मेहंदी रस्म, 51 आचार्यों ने कराया विवाह

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। शहर से दूर रावांभाठा स्थित एक होटल में फुलेरा दूज पर प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने पहली बार 51 जोड़े का निशुल्क सामूहिक विवाह आयोजित किया। इसे सफल बनाने में समाज और संगठन की महिलाओं ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। शनिवार को सुबह 10 से रात 9 बजे के बीच आयोजन चला। इसमें सनातनधर्मी सभी जाति की 51 वरों एवं कन्याओं की शादी विधि-विधान से कराई गई। सुबह सभी जोड़ों की हल्दी एवं मेहंदी रस्म के बाद दुल्हन को तैयार करने की जिम्मेदारी महिलाओं ने निभाई। इसके बाद सजाए गए लग्न मंडप में उन्हें मंगलगीत गाते हुए लाया गया। सामूहिक विवाह संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल व सलाहकार दीनदयाल गोयल की अगवाई में कराया गया।



### विदाई के समय छलके आंसू



शाम को वह समय भी आया, जब माता-पिता से विदा लेने के लिए बेटियां पहुंची तो उनके आंखों से आंसू बरबस ही छलक पड़े। ऐसा होना लाजिमी था, क्योंकि जिन गरीब बेटियों की शादी संगठन ने कराई, उनके परिजनों ने दिल से आभार प्रकट किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमने अपनों की इस शादी को आयोजन का हिस्सा इसलिए बनाया, ताकि सनातनधर्मी परिवारों को फिजूलखर्ची से बचाया जा सके। इस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### 51 आचार्यों ने किया मंत्रोच्चार

पारिवारिक माहौल में कराई गई शादी की रस्मों को 51 आचार्यों ने मंत्रोच्चार करते हुए सफल करने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान वर और वधू पक्ष के रिश्तेदार भी आयोजन का हिस्सा बने। इस आयोजन में शामिल हर जोड़े को शेरवानी, पगड़ी सहित सभी सामग्री वर को दी गई। वहीं कन्याओं को शादी का जोड़ा और श्रृंगार सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। शोभा केडिया, गंगा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल और प्रियंका ने अपनी टीम के साथ इस दायित्व का निभाने में सहयोग दिया। दोपहर 2 से 5 बजे के बीच विवाह की रस्में निभाई गईं।



### दिनभर रहा उत्सव का माहौल

सामूहिक विवाह के चलते आयोजन स्थल पर दिनभर उत्सव का माहौल रहा। वर और कन्या के साथ आए रिश्तेदारों और माता-पिता को रहने व खाने की सुविधा भी आयोजकों द्वारा दी गई। शादी के बाद समाज के प्रत्येक जोड़े को 70 हजार की उपहार सामग्री दी। इन तमाम ताने-बाने के बीच महिलाओं का एक वर्ग ऐसा भी था, जो वर और वधू पक्ष की ओर से आई महिला अतिथियों को सहयोग देने के लिए अलग से काउंटर बनाया था। जहां किसी भी तरह की दिक्कत होने पर समाधान दिया जा रहा था, ताकि पारिवारिक माहौल मिले।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर प्लेट ग्रुप के सेमीफाइनल मुकाबले शुरू ऋषि के शानदार 112 रन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीम शामिल हुईं। प्रतियोगिता के सेमी फायनल मैच शनिवार को शुरू हुए।

तीन दिवसीय पहला सेमी फायनल मैच रायपुर ब्लू एवं दुर्ग के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 90 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 375 रन बना लिये हैं। रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने शानदार शतक लगाते हुये 112 रन तथा अवनीश सिंह धालीवाल ने 71 रन बनाये। वहीं दुर्ग की ओर से जितेश चौहान ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने 7 विकेट खोकर 375 रन बना लिये हैं। दूसरा सेमी फायनल तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं सरगुजा के मध्य सिविक सेंटर क्रिकेट मैदान, भिलाई में खेला गया। राजनांदगाव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। सरगुजा की ओर से आशुतोष सिंह ने 111 रन तथा कृष चोपड़ा ने 79 रन बनाये। वहीं राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 4 विकेट तथा प्रतीक त्रिपाठी ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 3 ओवरों में बिना किसी विकेट के नुकसान पर 5 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक राजनांदगांव 283 रनों से पीछे है।

### एशियन महिला कबड्डी में छत्तीसगढ़ से संजू का चयन



**भिलाई।** 6 वीं एशियन महिला कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की संजू देवी ने भारतीय टीम में स्थान बनाने में कामयाबी हासिल की है। संजू 4 मार्च से 9 मार्च तक तेहरान (ईरान) में आयोजित एशियाई महिला कबड्डी चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। संजू बिलासपुर के बहतराई में संचालित महिला आवासीय कबड्डी अकादमी की खिलाड़ी है। वे प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर की निगरानी में प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं। भारतीय कबड्डी टीम में छत्तीसगढ़ की कुमारी सजू देवी के स्थान चयन होने पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशिकांत बघेल ने बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि 27 वर्षो के लम्बे समय के इंतजार व अथक प्रयास के बाद छत्तीसगढ़ राज्य को कबड्डी में पहली बार अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी मिल गया है। आज हम सभी कबड्डी खिलाड़ियों,कोच,मैनेजर एवं खेल प्रेमियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। एशियन महिला कबड्डी चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की संजू देवी के चयन होने पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशिकांत बघेल, उपाध्यक्ष अशोक प्रधान, प्रकाश मानिकपुरी, महासचिव प्रदीप यादव, सचिव राजेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू,रामकुमार धनकर, सहसचिव जितेंद्र सारथी आदि ने बधाई दी है।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन में रायपुर के खिलाड़ियों का दबदबा




**रायपुर।** अस्मिता राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा के फायनल मुकाबले रायपुर स्थित सप्रे शाला में खेले गए। जिसमें 17 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल में सानवी छत्रे (रायपुर) ने देवल पहलिया (राजनांदगांव) को 21-17,14-21,23-21 से हराया। 19 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल में राशि मल ने ईशिका पोद्दार को 21-16,14-21,21-11 से हराया। महिला वर्ग एकल में हीरल चौहान (रायपुर) ने ईशिका पोद्दार (रायपुर) को 23-21,21-18 से हराया। पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सिसोदिया (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ/महासचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ) तथा कार्यक्रम अध्यक्ष संजय मिश्रा (महासचिव भारतीय बैडमिंटन संघ/कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ) थे। इस अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर श्री सिसोदिया और श्री मिश्रा का अभिनंदन किया गया। इस दौरान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अवतार जुनेजा (अध्यक्ष रायपुर जिला बैडमिंटन संघ) तथा संजय भंसाली (कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ), श्रीमती संगीता राजगोपालन (सचिव,दुर्ग जिला बैडमिंटन संघ) उपस्थित थे।

## मौसम में बदलाव सेहत के लिए चुनौती

# दिन में गर्मी और रात में सर्दी, बदलते मौसम में बीमार होने से बचने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। हल्की गर्मी भी महसूस होने लगी है, लेकिन बीच-बीच मौसम बदलने और बारिश होने की वजह से ठंड का अहसास अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यही वजह है कि इस बदलते मौसम में लोग जुकाम, बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द, फ्लू और एक्जिमा जैसी कई बीमारियों का शिकार होने लगे हैं। इस मौसम में अस्थमा के मरीजों की दिक्कतें भी बढ़ जाती हैं। बीमारियों का उन लोगों को ज्यादा खतरा रहता है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले से कमजोर होती है। ऐसे में जरूरत है कि बदलते मौसम के अनुसार, जीवन-शैली में कुछ बदलाव किए जाएं।

### पंखा न चलाएं

मौसम तेजी से बदल रहा है, इसलिए सुबह-शाम ठंड और दोपहर में गर्मी महसूस होती है। ऐसे में जो लोग दोपहर को बाहर से आते हैं, उन्हें घर आते ही पंखा चलाने की इच्छा महसूस होती है, लेकिन ऐसी गलती भूलकर भी न करें, क्योंकि बीमारी की सबसे बड़ी वजह यही है। इससे सर्दी-गर्मी हो जाती है, जिससे कुछ देर बाद बुखार महसूस होने लगता है। इसलिए जब भी बाहर से आए, गर्मी महसूस हो तो भी पंखा न चलाएं, बल्कि कुछ देर आराम से बैठें। तापमान अपने आप सामान्य लगने लगेगा।



### साफ-सफाई का ध्यान

जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियों से बचने का सबसे आसान तरीका है हाथों को साफ रखना। हमारे हाथ हमेशा ही गंदे रहते हैं, क्योंकि ज्यादातर लोग अपने हाथों को सामने रखकर खांसते या छींकते हैं या फिर पूरे समय अपनी नाक को हाथों से ही पोंछते रहते हैं। इसलिए अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोना बेहद जरूरी है। अगर आप ऐसी जगह पर हैं, जहां आप हैंडवॉश नहीं कर सकतीं, तो सैनिटाइजर अपने साथ रखें और इसका इस्तेमाल करती रहें। अस्थमा से पीड़ित हैं तो खुद को गरम रखें और डॉक्टर के बताए सभी निर्देशों का पालन करती रहें। अगर एक्जिमा हो गया है तो त्वचा पर नारियल या सूरजमुखी का तेल लगाती रहें और डॉक्टर की सलाह पर दवाएं खाएं।

### कौन-सा आहार



जिन्हें जल्दी जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं, उनका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। ऐसी महिलाओं को अपने आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं। आप ग्रीन टी या ब्लैक टी पी सकती हैं, लेकिन दिन में केवल एक या दो कप ही पीएं। इसे ज्यादा पीना नुकसानदायक हो सकता है। इसके अलावा आप कच्चा लहसुन, दही, ओट्स, विटामिन डी और सी युक्त पदार्थ, जैसे कि नींबू और आंवले का सेवन कर सकती हैं।

### मौसम के साथ बदलाव

बदलते मौसम में मूड स्विंग ज्यादा होता है, इसलिए आप आहार में कार्बोहाइड्रेट ज्यादा मात्रा में लें। ये आहार मूड स्विंग और अवसाद से दूर रखता है और दिल-दिमाग को अच्छा महसूस कराता है। चावल, गेहूं, सेब और ड्राई फ्रूट्स में कार्बोहाइड्रेट ज्यादा पाया जाता है। आप अपने आहार में विटामिन डी को भी शामिल करें। इस मौसम में फल और सब्जियों का ज्यादा सेवन करना चाहिए, खासतौर पर हरी सब्जियों का। गाजर, मूली, टमाटर जैसी सब्जियां अधिक मात्रा में लेनी चाहिए, क्योंकि इन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपको बीमारियों से बचाते हैं।

### रोगियों से दूरी

अगर आपकी तबीयत खराब है तो आप घर पर ही रहकर आराम करें या फिर वर्क फ्रॉम होम कर लें, ताकि बाकी लोग बीमार पड़ने से बच जाएं। इंफेक्शन से बचने के लिए भीड़-भाड़ वाले इलाके में न जाएं। अगर कोई व्यक्ति पहले से ही जुकाम या बुखार से पीड़ित है तो उससे हाथ मिलाने या गले लगने से बचें और दूरी बनाकर रखें।

### बच्चों पर ज्यादा असर

मौसम का बदलाव और बच्चों की परीक्षाएं, दोनों एक साथ आती हैं, इसलिए माता-पिता को बच्चे की देखभाल और जीवन-शैली का विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि बच्चे बीमार न पड़ें और परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। बच्चों के सही आहार, नींद, व्यायाम और खेलकूद पर भी ध्यान देना चाहिए।



# जरूरी नहीं हेल्दी फूड फायदा ही पहुंचाएं आपका हाजमा भी कर सकते हैं खराब

आपकी नजर में कुछ फूड्स बेहद हेल्दी होंगे, लेकिन क्या आपको पता है कि वो आपकी गट हेल्थ को खराब कर सकते हैं। एक्सपर्ट ने ऐसे कुछ हेल्दी फूड्स के बारे में बताया है, जो डाइजेशन बिगाड़ सकते हैं।

आपका स्वास्थ्य बेहतर तब होगा, जब आपका डाइजेशन अच्छा होगा। डाइजेशन खराब हो, तो खाने-पीने में समस्या रहती है। छाती में जलन रहती है। खाना खाने बाद तुरंत पेट खराब हो जाता है और अक्सर गैस और एसिडिटी की समस्या भी हो जाती है। हम क्या खाते हैं और किस तरह से खा रहे हैं, वह खाना पचाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

स्पाइसी, ऑयली और प्रोसेस्ड फूड के बारे में सब जानते हैं कि वो आपके पेट को खराब कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे कई फूड्स हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं, लेकिन हकीकत में वे भी आपकी गट हेल्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे कई सारे अच्छे फूड्स हैं, जो डाइजेशन के लिए बैड हो सकते हैं।

यह एक्सपर्ट्स भी कहते हैं। जानी-मानी न्यूट्रिशनिस्ट अंजली मुखर्जी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया था। जहां उन्होंने उन फूड्स के बारे में बताया था जो पाचन तंत्र को गड़बड़ कर सकते हैं। वह कहती हैं ऐसी कई सब्जियां और दालें हैं, जिन्हें खाकर



प्रोटीन और फाइबर प्राप्त होता है। मगर ये अच्छी चीजें भी आपको गैस और ब्लोटिंग जैसी समस्याएं दे सकती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको उन्हें अपने आहार से पूरी तरह हटा दें, क्योंकि उनमें कुछ आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जिनकी आपके शरीर को वास्तव में आवश्यकता होती है।

जरूरी है कि ऐसी चीजों को आप लिमिट में अपने आहार में शामिल करें। आइए न्यूट्रिशनिस्ट अंजली से जानते हैं उन फूड्स के बारे में जो आपके पाचन के लिए खराब हो सकते हैं।

### क्रूसिफेरस सब्जियां

क्रूसिफेरस कहते ही ब्रोकोली सबसे पहले दिमाग में आती होगी। इसके साथ ही फूलगोभी और ब्रसेल्स स्प्राउट्स जैसी क्रूसिफेरस सब्जियां पोषक तत्वों और फाइबर से भरपूर होती हैं। इन सब्जियों को अक्सर डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। मगर न्यूट्रिशनिस्ट अंजली का कहना है कि उनमें सल्फर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। रैफिनोज और सल्फर जैसे कंपाउंड्स के कारण उन्हें पचाना मुश्किल हो जाता है। ये कंपाउंड्स उन लोगों को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिनका डाइजेशन सेंसिटिव होता है। इन सब्जियों से गैस,जलन, सूजन और ब्लोटिंग उत्पन्न हो सकती हैं। पाचन समस्याओं को कम करने के लिए, इन सब्जियों को अच्छी तरह से पकाने की कोशिश करें। ये सब्जियां आपके शरीर को डिटॉक्सिफाई करती हैं, लेकिन उसके साथ ही गैस और ब्लोटिंग पैदा कर सकती हैं। अगर आप कभी मूली, पत्तागोभी जैसी सब्जियां खाएं, तो उन्हें हमेशा पकाएं या फिर फर्मेंट करके उनका सेवन करें।



# खाने में ज्यादा हो गई है मिर्च तो अपनाएं ये तरीके, सही हो जाएगा स्वाद



भारतीय खाना पूरे विश्व में काफी फेमस है। दूर के देशों से लोग आकर यहां का खाना खाते हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि भारत में सबसे ज्यादा चटाकेदार खाना मिलता है। लोग यहां रोजाना के खाने में तीखा और मजेदार भोजन खाना पसंद करते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि ज्यादा तीखा खाना बनाने के चक्कर में लोग गलती से ज्यादा मिर्च डाल देते हैं। अगर हरी मिर्च ज्यादा डल जाए तो इसका तीखापन परेशानी नहीं देता, लेकिन अगर लाल मिर्च खाने में ज्यादा डल जाए तो ये मुश्किल बढ़ा देती है। लाल मिर्च ज्यादा डलने के बाद लोग उस खाने को फेंकना ही पसंद करते हैं। अगर आपके साथ भी अक्सर इस तरह की परेशानी हो जाती है तो हम आपको इस तीखेपन को कम करने के लिए कुछ तरीके बताने जा रहे हैं। कुछ चीजों के इस्तेमाल से आप इस तीखेपन को कम कर सकते हैं।

### सब्जी में मिलाएं टमाटर पेस्ट

कई बार गलती से सब्जी में लाल मिर्च ज्यादा हो जाती है। ऐसे में आप तत्काल टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इसके लिए आपको बस एक पैन में हल्का का तेल गर्म करना है और उसमें टमाटर के पेस्ट को सही से भूनना हैं। जब ये सही से भुन जाए तो इसमें सब्जी डाल दें। इससे मिर्च का स्वाद कम हो जाएगा।

### देसी घी

हर घर में देसी घी तो पाया ही जाता है। ऐसे में अगर आपकी सब्जी में लाल मिर्च ज्यादा हो गई है तो देसी घी डालकर आप उसका स्वाद सही कर सकती हैं। देसी घी से मिर्च का तीखापन कम हो जाएगा।

### मलाई

हर भारतीय घर के फ्रिज में आपको मलाई रखी तो मिल ही जाएगी। ऐसे में अगर आपकी सब्जी ज्यादा तीखी हो गई है, तो इसमें मलाई डालकर हल्का कुक कर लें। इससे सब्जी का तीखापन कम हो जाएगा।

# दर्शन करने के दौरान न करें ये गलतियां, पुण्य हो सकता है शून्य



किसी भी शुभ काम को करने या फिर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सबसे पहले देवी-देवता के मंदिर में जाते हैं और अपनी पूरी श्रद्धा के साथ अपनी बात को रखते हैं। कई बार ऐसा होता है कि मंदिर में अपने आराध्य का दर्शन करने के दौरान कई ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिससे व्यक्ति को अशुभ फलों की प्राप्ति होने लगता है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### मंदिर में पैर धोकर जाएं

हिंदू धर्म में पैर धोने का विशेष महत्व है। इसलिए जब भी मंदिर में जाएं, तो पहले पैर धो लें। उसके बाद ही मंदिर (मंदिर में पूजा) में प्रवेश करें। बिना पैर धोकर मंदिर में प्रवेश करने से बचना चाहिए।

### मंदिर के पीछे न करें पूजा

अगर आप किसी भी मंदिर में अपने आराध्य की पूजा कर रहे हैं, तो मंदिर के पीछे न करें। इससे पूजा का शुभ फल नहीं मिलता है और व्यक्ति के जीवन में परेशानियां भी बढ़ने लग जाती है। इसलिए मंदिर में पूजा कर रहे हैं, तो सामने से करें। मंदिर के पीछे न करें।

### मंदिर में ऐसे न करें परिक्रमा

मंदिर में हम किसी भी दिशा में परिक्रमा करना शुरू कर देते हैं, लेकिन ऐसा गलती से भी नहीं करना चाहिए। अगर आप मंदिर की परिक्रमा लगा रहे हैं, तो बाएं हाथ से ही परिक्रमा लगाना चाहिए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री
चादरे सैट 9x9 425/-
तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी
गद्दा सादा 220/-
मैट्रेस लेस 30% से 60%
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा
फाईबर तकिया 250/- जोड़ी
प्रोट्रेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर
लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी
सोफा कमबेड कर्म्फटर कबल
तैयार सफेद रुई फाइबर गद्दा
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
रूम ठंडा करने की गारंटी फिटिंग के साथ
प्लास्टिक एवं फायबर कूलर की विशाल रेंज
शीतल कूलर का 75 नये मॉडल के साथ विशाल शो-रूम
रूम, डक एवं विन्डो कूलर अनेक साईज में उपलब्ध
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नही बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# हैकमैन की मौत पर उठे सवाल, 9 दिन पहले ही सांसें उखड़ने का अंदेशा



हॉलीवुड के दिग्गज अभनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी की संदिग्ध हालत में मृत्यु हो गई थी, जिसमें अब जांच में यह सामने आया कि कॉर्बन मोनोऑक्साइड उनकी मृत्यु का कारण नहीं है। जांच में पता चला कि अभिनेता के पेसमेकर ने नौ दिन पहले ही काम करना बंद कर दिया था। जांच एजेंसी के मुख्य अधिकारी शेरिफ ने कहा कि कॉर्बन मोनोऑक्साइड जहर उनकी मौत का कारण नहीं है, जो कि रसोई घरों में ईंधन जलाने वाली वस्तुओं से निकलने वाली रंगहीन और गंधहीन गैस है। साथ ही मेंडोजा ने कहा कि पेसमेकर की जांच करने के दौरान पता चला कि अभिनेता के पेसमेकर ने 17 फरवरी से ही काम करना बंद कर दिया था। इसका मतलब कि इनकी मृत्यु नौ दिन पहले भी हो सकती है। इसपर डॉ फिलिप कीन ने कहा कि जिस पल पेसमेकर काम करना बंद कर देता है, उस समय व्यक्ति की मृत्यु का संकेत हो सकता है, लेकिन हमेशा नहीं। ऑस्कर विजेता एक्टर जीन हैकमैन का शव उनके घर सांता फे. न्यू मैक्सिको के प्रवेश द्वार पर मिला था, वहीं उनकी पत्नी का शव बाथरूम में मिला। साथ ही वहां काउंटर पर खुली हुई प्रिस्क्रिप्शन बोतल और गोलियां भी बिखरी हुई मिली थी। गोलियां और अन्य दवाएं इनकी मौत का कारण है या नहीं इस बात की जानकारी आने वाली जांच रिपोर्ट में पता चलेगा। ऑस्कर विजेता मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी बीते बुधवार को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर में मृत पाए गए थे। सांता फे. पुलिस ने द सन को यह बताते हुए जीन हैकमैन व उनकी पत्नी के निधन की पुष्टि की थी। इन दोनों के अलावा अभिनेता का कुत्ता भी घटनास्थल पर मृत पाया गया था।

### टॉलीवुड

# 'कन्नप्पा' का टीजर रिलीज, अपने कबीले के लिए लड़ते दिखे विष्णु मांचू



दक्षिण भारतीय फिल्म 'कन्नप्पा' का टीजर रिलीज हो चुका है। फैंस को इस फिल्म के टीजर का लंबे समय से इंतजार था। निर्माता पहले ही फिल्म से जुड़े अभिनेताओं का लुक जारी करते हुए उनके किरदार से भी परिचित करा चुके हैं। अब टीजर से उन्होंने उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। टीजर में विष्णु मांचू थिन्नाणु के किरदार में नजर आए हैं, जो अपने कबीले को दुश्मनों से बचाने के लिए युद्ध करते दिखे।

विष्णु मांचू की बहुप्रतीक्षित फिल्म के टीजर में विष्णु मांचू अपने कबीले को आक्रमण से बचाने की सौगंध खाते हुए नजर आए। वह एक योद्धा की भूमिका में दिखे, जो अपने कबीले की आखिरी आशा हैं। टीजर की शुरुआत एक चेतावनी, "संकट का समय हमारे बहुत निकट आ पहुंचा है, शत्रु यमदूतों की तरह हमारे कबीले का नाश करने आ रहे हैं" से होता है। वहीं, टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में और काजल अग्रवाल माता पार्वती के के रूप में नजर आए। टीजर में आगे माता पार्वती ने शिव से पूछा कि ये आपका भक्त कैसे बनेगा? इसके बाद प्रभास की रुद्र के रूप में एंट्री दिखाई गई, जिसे देखकर लगता है कि वह युद्ध में थिन्नाणु की मदद करेंगे। ट्रेलर देखकर संभवतः फैंस की उत्सुकता बढ़ने वाली है।

एक मिनट 25 सेकंड के टीजर में कुछ सेकंड्स के लिए वार सीक्वेंस भी देखने को मिला। इस दौरान विष्णु मांचू तीर-धनुष के साथ दुश्मनों से लोहा लेते नजर आएं। विष्णु मांचू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 25 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में विष्णु मांचू, मोहन बाबू, प्रभास, मोहनलाल, अक्षय कुमार, शरत कुमार, काजल अग्रवाल, अर्पित रांका, ब्रह्मानंदम, सप्तगिरी, मुकेश ऋषि, मधुबाला, ऐश्वर्या

### भोजपुरी

# पवन की बायोपिक 'पावर स्टार' का ट्रेलर जारी, परदे पर दिखा रियल वाला स्वैग



भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह की आगामी भोजपुरी फिल्म 'पावर स्टार' का ट्रेलर आज शुक्रवार को रिलीज हुआ है। इस फिल्म का नाम 'पावर स्टार' है। भोजपुरी इंडस्ट्री में पहली बार किसी अभिनेता की बायोपिक में खुद वही लीड रोल अदा कर रहा है। फिल्म में पवन सिंह के अलावा मधु शर्मा लीड रोल में हैं।

पवन सिंह की इस बायोपिक का ट्रेलर आज शुक्रवार सुबह सात बजे टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी पर रिलीज हुआ है। ट्रेलर की शुरुआत में पवन सिंह कहते दिख रहे हैं, 'मेरे भाई हैं सब नाम दिए हैं 'पावर स्टार'। इसके बाद टेलीविजन पर खबर फ्लैश होती है कि पावर स्टार पवन सिंह पर लगा है एक आरोप। दरअसल, पवन सिंह पर शारीरिक शोषण का आरोप लगता है। कंट्रोवर्सी के बीच भी पवन सिंह के तेवर कम नहीं होते और कहते हैं, 'दुश्मनी भी दुश्मन की औकात देखकर करते हैं'। टेलीविजन पर फिर से न्यूज फ्लैश होती है, 'एक बड़ी साजिश का हुआ है खुलासा। पावर स्टार का पावर है बरकरार।' पवन सिंह के पास ऑफर्स की झड़ी लगती है। इसके अलावा पवन सिंह के सेट पर लेट आने की आदत को भी ट्रेलर में दिखाया गया है। इसके अलावा राजनीति में उनकी एंट्री की झलक भी दिखाई गई है। इस फिल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है।

## चिकविश फैशन

लाइफ स्टाइल

यूरोपियन देशों में गर्मियों की पहचान चिकविश ड्रेस अब दिखाई देने लग गए हैं। वहां बहुत ज्यादा ठंड नहीं पड़ती, इसलिए कम ठंड को ही गर्मी मान लिया जाता है। ऐसे में चिकविश ड्रेस के साथ साइकिल का मेल कुछ अलग ही छटा बिखेरता है। वैसे भी गर्मियों में एम्स्टर्डम में साइकिल चलाना काफी हद तक राहत भरा कदम होता है।



# चेहरे पर बेकिंग पाउडर लगाने से हो सकता है नुकसान भी

त्वरचा को एक्सफोलिएट करना स्किन क्लीनिंग प्रॉसेस का एक बहुत ही महत्वपूर्ण भाग है। इसके लिए आप दूध, दही, बेसन, कॉफी आदि बहुत सारी सामग्रियों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इनके अलावा बेकिंग सोडा का भी प्रयोग कर सकती हैं, मगर चेहरे की त्वाचा पर इसका प्रयोग करना कितना लाभकारी हो सकता है या फिर नुकसानदायक हो सकता है, इस बारे में ब्यू टी एक्सरपर्ट पूनम चुघ की राय जरूर जाननी चाहिए। पूनम बता रही है कि बेकिंग सोडा से त्वहचा को क्या नुकसान पहुंच सकते हैं।



### स्किन ड्राई हो सकती है

यदि आपकी स्किन ड्राई है, तो बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करने के बाद यह और भी ज्यादा ड्राई हो सकती है। आपकी त्व चा पर व्हाइट पैच भी आ सकता है और स्किन फ्लेक्स की प्रॉब्लम भी हो सकती है। अगर आप ड्राई स्किन पर बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना चाहती हैं, तो आपको एलोवेरा जेल में आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर चेहरे को 2 मिनट स्क्रब करना चाहिए। त्व्चा पर बेकिंग सोडा को लगा हुआ न छोड़ें। इसे और भी त्वाचा संबंधित दिक्कतों का आपको सामना करना पड़ सकता है।

### स्किन रैशेज हो सकते हैं

आपकी त्वशचा यदि सेंसिटिव है तो आपको बेकिंग सोडा का प्रयोग चेहरे पर बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे आपको लाल रंग के चक्कनतें या फिर रैशेज हो सकते हैं, इसमें आपको जलन और खुजली की समस्या भी हो सकती है। आमतौर पर भी आपको त्वेचा को रैशेज से बचाने के लिए बेकिंग सोडा में गुलाबजल मिलाकर फिर स्क्र ब करना चाहिए। इससे आपकी त्व चा में सॉफ्टनेस और सूदनेस दोनों बनी रहती है। अगर आपको पहले से स्किन में रैशेज हो रहे हैं, तो इस स्थिति में भी आपको बेकिंग सोडा का प्रयोग नहीं करना चाहिए, इससे समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

### स्किन बर्न हो सकती है

वैसे तो बेकिंग सोडा में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं और यह त्वोचा पर मुंहासों और इंफेक्श न की संभावना को भी कम करता है। मगर यह घटक त्वटचा में जलन, स्किन बर्न और इंफ्लेमेशन का कारण बन सकता है। इसलिए आपको त्वहचा पर बेकिंग सोडा लगाने से पहले दूध से त्वऔचा की टोनिंग करनी चाहिए और फिर आप नारियल के तेल में बेकिंग सोडा मिक्स करके चेहरे को आहिस्तो-आहिस्तां स्क्रब कर सकते हैं। इस बात का ध्यारन रखें कि आपके चेहरे पर यदि मुंहासे हैं, तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल 1 मग पानी में चुटकी भर मिलाकर यूज करना चाहिए और इस पानी से चेहरे को वॉश कर लेना चाहिए।

# माहौल शादी का हो या पार्टी का नेट साड़ी के ये डिजाइंस हैं बेस्ट



स्टाइलिश दिखने के लिए आप सेलिब्रिटीज के स्टाइलिश लुक्स को री-क्रिएट कर सकते हैं। इसके लिए आप अपनी बॉडी टाइप का खासतौर से ख्याल रखें।

साड़ी पहनना एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहती है। इसके लेटेस्ट डिजाइंस और स्टाइलिंग आपको रोजाना इन्टरनेट के जरिये देखने को मिल ही जाती है। आजकल हम कई बार सेलिब्रिटीज के लुक्स से काफी इंस्पायर हो जाते हैं और इन्हें री-क्रिएट भी करते हैं।


वहीं लेटेस्ट ट्रेंड की बात करें तो आजकल नेट फैब्रिक से बनी साड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नेट फैब्रिक से बनी साड़ी के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान स्टाइलिंग टिप्स।



### फ्लोरल डिजाइन साड़ी

फ्लोरल डिजाइन में सेल्फ वर्क देखने में काफी क्लासी लुक देने में सहायता करता है। यह डिजाइनर साड़ी सीमा गुजराल डिजाइनर द्वारा डिजाइन की गई है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 3500 रुपये में आसानी से मिल जाएगी।

### पर्ल डिजाइन साड़ी



सटल कलर कॉम्बिनेशन के साथ पर्ल वर्क काफी एलिगेंट लुक देने में सहायता करता है। वहीं इस तरीके के डिजाइन की साड़ी आपको मार्केट में लगभग 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस स्टाइलिश साड़ी को डिजाइनर मोनीषा जयसिंह द्वारा डिजाइन किया गया है।

### ब्लैक साड़ी डिजाइन

ब्लैक कलर अपने आप में ही काफी क्लासी लुक देने में मदद करता है। इस तरीके के की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 3500 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की चिकनकारी स्टाइल साड़ी डिजाइनर रितिका मीरचंदानी द्वारा डिजाइन की गई है।

# गोल चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे नथ के नए डिजाइंस

ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाने के लिए हम इसकी स्टाइलिंग के लिए कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं। वहीं इसके लिए सबसे ज्यादा हम मैचिंग ज्वेलरी को चुनना पसंद करते हैं, लेकिन इसके लिए केवल आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन का ही ख्याल रखना जरूरी नहीं होता है बल्कि आपको अपने चेहरे और शरीर के आकार के हिसाब से सभी चीजों को बैलेंस करना भी जरूरी होता है।



बात अगर नथ चुनने की करें तो वैसे आपको मार्केट में कई डिजाइंस आसानी से दिखाई दे जाएंगे, लेकिन अगर हम गोल चेहरे की बात करें तो इसके लिए हम कई बार सही तरह से डिजाइन नहीं चुन पाते हैं जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। चलिए आज हम आपको दिखाते हैं गोल चेहरे के लिए नथ के कुछ खास डिजाइंस-

### नग वाली नथ डिजाइन

नग में आपको कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं इस तरह की नथ को बिना चैन के भी आसानी से पहना जा सकता है। इस तरह की नथ आप सलवार-सूट से लेकर इंडो-वेस्टर्न लुक के साथ भी ट्राई कर सकती हैं। बता दें कि इस तरह की नथ कई साल पहले एक्ट्रेस सोनम कपूर ने रेड कारपेट के लिए स्टाइल की थी। इस तरह के लुक के साथ बालों के लिए ओपन हेयर स्टाइल को चुनें।

### फ्लोरल नथ डिजाइन

फूलों वाले डिजाइन की बड़े साइज वाली नथ गोल चेहरे को काफी रॉयल और एलिगेंट लुक देने में मदद करेगी। इस तरह की नथ के साथ आप चाहे तो स्टेटमेंट नेकलेस को स्टाइल कर सकती हैं और इयररिंग्स को अवॉयड भी कर सकती हैं। ज्यादातर इसे अनारकली स्टाइल या कलीदार आउटफिट के साथ पहना जाता है।

# बालों को घर पर ही प्रोटीन ट्रीटमेंट देने के तरीके जानें

बालों को खूबसूरत और सेहतमंद बनाकर रखना चाहती हैं, तो आपको भी प्राकृतिक रूप से उन्हें प्रोटीन ट्रीटमेंट देना चाहिए। ब्यूटी एक्सपर्ट संध्या चौधरी नेचुरल हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट्स के बारे में बता रही हैं।



### दूध का हेयर मास्की

1 कप दूध में 1 बड़ा चम्मह्च एलोवेरा जेल और 1 बड़ा चम्मच गुलाबजल मिक्सर कर लें। इसके बाद आप इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। 30 से 40 मिनट के लिए मिश्रण को बालों पर लगा रहने दें और फिर आप बालों को वॉश कर लें। हफ्ते में एक बार आपको इस विधि से बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना होगा।

### अंडे का हेयर मास्कम

आपके बाल अगर ड्राई हैं तो बालों में अंडे का पीला भाग लगाएं और यदि आपके बाल ऑयली हैं तो आपको अंडे का सफेद भाग बालों में लगाना चाहिए। अंडे में आप दही मिक्स कर सकती हैं। यह भी एक बहुत अच्छा नेचुरल प्रोटीन ट्रीटमेंट साबित हो सकता है।

### दही का हेयर मास्को

दही में नींबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं और 40 मिनट तक बालों में इस मास्क को लगा रहने दें। इसे बाद आप बालों को वॉश कर लें। यह मास्क रात या शाम की जगह आपको दोपहर में लगाना चाहिए। दही ठंडा होता है बालों में लगाने से आपको सर्दी-खांसी की शिकायत हो सकती है।

## कार्नर न्यूज

## बेस्ट एथनिक लुक के लिए बनाइए अपनी परफेक्ट चॉइस

# शादियों के मौसम में एथनिक लुक अपनाएं महफिल में लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे

*शादियों और त्यौहारों के मौसम में बेस्ट दिखना है। भले ही इस बार बड़ी पार्टी नहीं होगी। लोग कम मिले-जुलेंगे लेकिन त्योहारों पर अच्छे से तैयार होना आप कैसे भूल सकते हैं। आप नई ड्रेस खरीदेंगे, या पहले वाली को ही नए अंदाज में पहनेंगे। आपका चुनाव, जो भी हो लेकिन आपके लुक को 'बेस्ट एथनिक वियर' वाली तारीफ तो जरूर मिलनी चाहिए।*

*इसके लिए आप किसी डिजाइनर के पास बिल्कुल न जाएं, न ही दोस्तों से राय लें। बल्कि घर बैठे, हमसे जान लें कि कैसे एक साधारण सी फेस्टिव ड्रेस को हाई फैशन एथनिक वियर बनाया जा सकता है। इसमें आपको कुछ ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बताया जाएगा, जो कम दाम में भी स्टाइलिश हैं। इन प्रोडक्टस की क्वालिटी आपका दिल जीत लेगी। बिल्कुल बेसिक सी ड्रेस के स्टाइलिश लुक के लिए आपको चुनने चाहिए कौन से कपड़े, आइए जान लेते हैं-*



### बेसिक्स शॉर्ट कॉटन कुर्ता नेवी

मैंडेरियन कॉलर वाला ये शॉर्ट कुर्ता फुल स्लीव्स का है। शॉर्ट कुर्ते की खासियत यह होती है कि इसे पायजामे, जींस या पैंट के साथ भी आसानी से पहना जा सकता है। कह सकते हैं कि इसकी जोड़ी किसी के साथ खूब जमती है। इस कुर्ते के साथ भी यही फायदा है।

इसका रंग भी नेवी है, जो लगभग हर रंग पर अच्छा लगता है। 100 प्रतिशत कॉटन से बना ये कुर्ता सिंपल और सोबर वाला फील देता है। इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है, जो लुक के साथ एक्सट्रा दिखे। आरामदायक होने के साथ स्टाइलिश भी होना इसकी खासियत में शुमार है। जींस के साथ ये इंडोवेस्टर्न लुक देगा तो ट्रेडीशनल लुक के लिए लिनेन ट्राउजर्स के साथ इसे पहनना अच्छा रहेगा। यह एक ऐसा आउटफिट है, जिसे अपकी वार्डरोब का हिस्सा होना ही होना चाहिए।

### गूंज : ब्लू फ्लोरल प्रिंट कॉटन कुर्ता

फूलों से सजा ये कुर्ता फेस्टिवल में आपके लुक को सुधारने की पूरी कोशिश करेगा। इसका प्रिंट आपके पास पहले से रखे पायजामे और धोती पैंट्स पर अच्छा लगता है। ये कुर्ता किसी छोटे आयोजनों में भी आपको बेस्ट लुक देगा और लोग आपके ऊपर से अपनी नजर नहीं हटा पाएंगे। इस कुर्ते के साथ जींस पहनें या पायजामा लेकिन साथ में ब्लैक या ब्राउन कलर की सैंडल बहुत अच्छी लगेंगी। इस तरह से आपके एथनिक लुक पर चार-चंद लग जाएंगे। इसके मैंडेरियन कॉलर के साथ हाफ बटन प्लैकेट है और साथ में लॉन्ग स्लीव्स भी।

ब्लू ब्रोकेड सेल्फ विव्ड नेहरू जैकेट

